चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 100, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 09 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को वोट मिला तो खराब संदेश जाएगा : योगी

## छह वर्ष में धारणा बदलने में सफल हुआ यूपी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या से कोई रामभक्त लोकतंत्र के इस पर्व में विजयी होकर जाता है तो यहां के बारे में अच्छी धारणा बनती है, पर जब रामभक्तों पर गोली चलाने वाला व्यक्ति कुछ भी वोट पा लेता है तो उसका बहुत खराब संदेश जाता है। लोगों के मन में धारणा जाती है कि यह सब क्या हो रहा है। यह लोकतंत्र का पर्व है, सबको एक वोट देना है। किसी का वोट छोटा-बड़ा नहीं है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि यहां 60 वॉर्ड हैं। 60 टोली बनाकर अपने बीच के मेयर उम्मीदवार महंत गिरीश पति त्रिपाठी व बोर्ड बनाने के लिए जनता से अपील कर दीजिए। अयोध्या हमारी है और इसके प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मणिरामदास छावनी के सभागार में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी गिरीश पति त्रिपाठी के पक्ष में आयोजित सन्त, महन्त के साथ प्रबुद्ध लोगों के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**अयोध्या को विकास के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाएंगे:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या को हम विकास के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाएंगे। अयोध्या पर देश दुनिया की नजर है, इसलिए यहां सर्वांगीण विकास के लिए सशक्त बोर्ड का गठन होना आवश्यक है। जब सशक्त बोर्ड गठित होगा तो विकास तीव्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में भारत के प्रति धारणा बदली है। वैश्विक संकट के समय दुनिया अब पीएम मोदी की ओर संकटमोचक के रूप में देखती है, ऐसे में यूपी किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में नहीं रह सकता। हमें बदलते भारत के साथ खुद को जोड़ना होगा। यूपी ने अपने बारे में बनाई गई धारणा को



आप सबकी कृपा व आशीर्वाद से छह वर्ष में बदलने में सफलता पाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छह वर्ष पहले कहीं बाहर जाते होंगे तो यूपी-संतों के बारे में अच्छी धारणा नहीं होती थी पर आज यूपी के नाम पर हर जगह सम्मान मिलेगा। हर कोई बोलेगा कि आप यूपी से आए हैं और संत हैं तो सोने पर सुहागा। संतों को सम्मान मिलता है, यह बहुत अच्छा लगता है।

**दीपोत्सव हमें त्रेतायुग का अनुभव करवाता है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से लगातार हम सभी दीपोत्सव के कार्यक्रम में भागीदार बनते हैं। विगत वर्ष पीएम ने उपस्थित होकर इसे नई ऊंचाइयां दीं। दीपोत्सव हमें त्रेतायुग की ओर ले जाता है। दुनिया अयोध्या आने के लिए लालायित रहती है। इस वर्ष रामनवमी में ही 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। जनवरी में जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण पूरा होगा तो एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे। नगर निगम में मजबूत बोर्ड होना चाहिए। अयोध्या जितनी अच्छी, सुंदर, स्वच्छ होगी, उतनी ही अच्छी धारणा सनातन धर्म, पूज्य संतों, तीर्थस्थल व भारत के बारे में देश-दुनिया में जाएगी।

**अयोध्या कोई भी आए, आकर्षित होकर जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन से उनकी तीन पीढ़ियां जुड़ी हैं। वह खुद भी आत्मिक भाव से सर्वाधिक समय अयोध्या को देते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या से उनका विशेष लगाव है। पिछले बोर्ड ने अच्छा करने का प्रयास किया। पूज्य संतों के बीच से कोई जाए और हमारे बोर्ड का नेतृत्व संतों के बीच से ही हो, इसलिए महंत गिरीशपति त्रिपाठी को चुनाव में उतारा है। अयोध्या कोई भी आए, आकर्षित होकर जाए। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि जो देख रही है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर अपनी कृपा का प्रसाद बरसाएंगे। संतों के सानिध्य में एक बार फिर से भारत सनातन धर्म की परंपरा को वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाने का अभियान है।

### हमने अयोध्या के विकास को नई ऊंचाई दी: योगी



**मुख्यमंत्री** योगी ने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी होने के नाते हम इसे सोलर सिटी बनाने जा रहे हैं। अयोध्या में पहले हमने नगर निगम बनाया, क्योंकि इसे स्मार्ट व सेफ सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। फिर जनपद, कमिश्नरी का नाम बदला। अब इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। देश या दुनिया में कहीं भी जाने के लिए अब अयोध्या से ही आप किसी भी कोने में जा सकेंगे। इस चुनाव के बाद सर्वे का कार्य प्रारंभ करेंगे। तीन वर्ष पहले हमने कोरिया की पहली महिला को दीपोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मान किया था। दक्षिण कोरिया की रानी अयोध्या की राजकुमारी थीं। वे दो हजार वर्ष पहले राजकुमारी अयोध्या से जलमार्ग से कोरिया गई थीं। अयोध्या से हम वाटरवेज प्रारंभ करने जा रहे। काशी में अब बड़े-बड़े जलयान आ रहे हैं। गंगा जी से कम जल सरयू जी में नहीं है। केवल नदी के पानी को चैनलाइज कर देना है। इस पर कार्य चल रहा है, फिर पर्यटन व अन्य संभावनाएं बढ़ेंगी।

## भारत के लिए तैयार पहले सी-295 विमान ने स्पेन में तीन घंटे की उड़ान भरी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के लिए तैयार किए गए पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट सैन्य परिवहन विमान ने तीन घंटे की पहली उड़ान कामयाबी के साथ पूरी की है। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने यह उड़ान परीक्षण स्पेन के सेविले में किया है। अब इसके बाद इसी साल के अंत तक वायु सेना को पहला विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। फ्रांसीसी कंपनी के साथ पिछले साल सितंबर में 56 विमानों का सौदा फाइनल हुआ



था। कंपनी 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करेगी। इसके अलावा 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। एयरबस डिफेन्स ने ट्वीट किया, "भारत के लिए पहले सी-295 ने सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान पूरी की।

### डीजीसीए का गो फर्स्ट को तत्काल बुकिंग रोकने का निर्देश

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गंभीर वित्तीय संकट की दौर से गुजर रही एयरलाइंस कंपनी गो फर्स्ट को टिकट बुकिंग तत्काल रोकने निर्देश दिया है। डीजीसीए ने एयरलाइन को परिचालन कर पाने में नाकाम रहने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। सूत्रों ने सोमवार दी जानकारी में बताया कि डीजीसीए ने गो फर्स्ट को अपनी उड़ानों के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली टिकट बुकिंग अगले आदेश तक फौरन रोकने को कहा है।

## तथाकथित शराब घोटाला भाजपा का राजनैतिक षड़यंत्रः केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को शराब घोटाले को लेकर भाजपा पर पलटवार करते हुए अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला भाजपा का मात्र एक राजनैतिक षड़यंत्र है। यह केवल केजरीवाल और आप को बदनाम करने की साजिश है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने तथाकथित दिल्ली शराब घोटाले में आरोप लगाया कि साउथ लॉबी ने आम आदमी पार्टी के लोगों को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी। सीबीआई-ईडी ने भी कोर्ट में यह माना है कि 100 में से 70 करोड़ रुपए का उनके पास कोई सबूत नहीं है। सीबीआई-ईडी ने आरोप लगाया है कि कोई राजेश जोशी नामक व्यक्ति साउथ लॉबी से 30 करोड़ रुपए लाया और उसने ये 30 करोड़ रुपए दिल्ली में आप के नेतृत्व को दिए। इनके पास सिर्फ इतना ही सबूत है कि किसी ने गवाही दी है कि राजेश जोशी ने 30 करोड़ रुपए आप को दिए। केजरीवाल ने कहा कि 6 मई को आए राउस एवेन्यू कोर्ट के आदेश में लिखा है कि राजेश जोशी के खिलाफ एक भी सबूत नहीं है कि वो साउथ लॉबी से एक भी पैसा लेकर दिल्ली आया। 30 करोड़ रुपए तो बड़ी दूर की बात है। उन्होंने कहा कि दूसरा आरोप लगाया कि रिश्वत में ली गई 100 करोड़ रुपए गोवा चुनाव में खर्च किए गए।

गोवा में आम आदमी पार्टी ने जितने लोगों से काम कराया, उन सभी वेंडर्स के यहां सीबीआई-ईडी ने पिछले छह महीने में रेड मार ली और सबको गिरफ्तार कर लिया। गोवा चुनाव की सारी जांच करने के बाद ईडी इस नतीजे पर पहुंची है कि मात्र 19 लाख रुपए आम आदमी पार्टी ने कैश में खर्च किए।

## रक्षा मंत्री ने पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को चंडीगढ़ में भारत का पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र उन सभी के साहस और समर्पण का वसीयतनामा है, जिन्होंने भारतीय वायु सेना में सेवा कर राष्ट्र की रक्षा में अमूल्य योगदान दिया है। यह अद्भुत पहल भारतीय वायु सेना की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के साथ युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। इस केंद्र में पाकिस्तान के साथ 1965, 1971 और कारगिल युद्ध, बालाकोट हवाई हमले सहित विभिन्न युद्धों में भारतीय वायु सेना की यादगार भूमिका को भित्ति चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है। 17000 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर देशवासियों के लिए बड़ा आकर्षण होगा। इस हेरिटेज सेंटर की स्थापना केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और भारतीय वायुसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत की गई है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेरिटेज सेंटर के मुख्य हाल का उद्घाटन करने के बाद हेरिटेज म्यूजियम का दौरा किया। उन्होंने पार्किंग एरिया में लगाए मिग-21 के कॉकपिट पर बैठकर जायजा लिया। इसके बाद वे हेरिटेज सेंटर के लॉन एरिया में बनाई सोवेनियर शॉप को भी देखा और एचपीटी-32 एयरक्राफ्ट का जायजा लिया। उन्होंने एयरक्राफ्ट मिग-23 के साथ फोटो सेशन में भी हिस्सा लिया। इसके बाद यहीं से शहर को तीन अलग-अलग प्रोजेक्टों की सौगात दी। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीवी चौधरी ने इस हेरिटेज सेंटर की प्रगति की समीक्षा करने के लिए पिछले महीने दौरा किया था। अधिकारियों ने कहा कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा जो भारतीय वायु सेना की अदम्य भावना को प्रदर्शित करेगा।

### अखिलेश का बीजेपी पर तंज, पूछा- मेरठ की हालत देख उठाए सवाल

## पहलवानों को लेकर चुप क्यों सरकारें?

**मेरठः** निकाय चुनाव में गठबंधन भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी यूपी के अलग-अलग शहरों में जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। अखिलेश यादव आज यानि सोमवार को मेरठ पहुंचे हैं। पूर्व सीएम अखिलेश यादव मेरठ में सपा प्रत्याशी सीमा प्रधान व पार्षद उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने पहुंचे हैं।

**नौ किलोमीटर में हुआ रोड शो**

बता दें कि रोड शो दलित-गुर्जर बाहुल्य गांव लिसाड़ी से शुरू



होकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में पहुंचा। रोड शो अंजुम पैलेस, ट्यूबवेल तिराहा, गोला कुंआ से होते हुए कांच का पुल पर पहुंचा। जहां जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। महिलाओं ने छतों से फूल बरसाए। करीब नौ किलोमीटर का रोड शो करने के बाद अखिलेश यादव शहर विधायक रफीक अंसारी के करीम नगर स्थित आवास पर पहुंचेंगे।

**अखिलेश ने पूछा- पहलवानों के लिए चुप क्यों भाजपा सरकारें?:** अखिलेश यादव ने कहा कि देश की महिला पहलवानों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकारें चुप हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना होगा। वहीं, अखिलेश ने कहा कि भाजपा सपा को परिवारवाद वाली पार्टी बताती है लेकिन, भाजपा स्वंय आरएसएस से मिलकर परिवारवाद चला रही है। हवाई पट्टी पर भी देखा गया कि मेरी सुरक्षा में इंटेलिजेंस, एलआईयू लगाई हुई है। जिससे अखिलेश को मीडिया से दूर रखा जाए।

## द केरल स्टोरी: ममता सरकार ने लगाया फिल्म पर प्रतिबंध

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिबंध लगा दिया। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही विवादों में घिरी फिल्म को कई राज्यों में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ममता सरकार के मुताबिक राज्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने और शांति बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है।सोमवार को द केरल स्टोरी के मुद्दे पर ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सीपीआई (एम) पर जमकर निशाना साधा। सीएम बनर्जी ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि बंगाल फाइल तैयार की जा रही हैं। उन्होंने इसे पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की कोशिश करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लयह केरल फाइल क्या है? मैं सीपीआईएम का समर्थन नहीं कर रहा हूं, वे बीजेपी के साथ काम कर रहे हैं। मेरे बजाय फिल्म की आलोचना करना उनका कर्तव्य था। मैं केरल के मुख्यमंत्री को बताना चाहती हूं कि आपकी पार्टी बीजेपी के साथ काम कर रही है और वही पार्टी केरल फाइल भी दिखा रही है। पहले उन्होंने कश्मीर और फिर केरल को बदनाम किया।"

## मणिपुर: दो दिन से राज्य में हिंसा नहीं

### सामान्य स्थिति बहाल हो रही', सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली:** मणिपुर हिंसा मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र और मणिपुर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राज्य में कल और आज कर्फ्यू में ढील दी गई। दोनों ही दिन वहां हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। केंद्र और मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अर्धसैनिक बलों और सेना के अलावा सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की गई है। पिछले दो दिनों में राज्य में कोई हिंसा नहीं हुई है। सामान्य स्थिति बहाल हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मानवीय संकट है। केंद्र और राज्य सरकार राहत शिविरों में आवश्यक इंतजाम



करे।

**आरक्षण मामले की सुनवाई बाद में करने की मांग:** सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों के आवास और भोजन उपलब्ध कराने के लिए राहत शिविर भी बनाए गए हैं। इसके साथ ही सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि आरक्षण मामले की सुनवाई बाद में की जाए। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 17 मई तय कर दी।

**कोर्ट स्थिति को स्थिर करना चाहता है:** सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केवल कुछ धार्मिक स्थलों को ही नहीं, बल्कि हर जगह लोगों और संपत्ति की रक्षा करनी होगी। आदिवासी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आदिवासियों पर हमले हो सकते हैं। चंद्रचूड़ ने कहा कि कोर्ट स्थिति को स्थिर करना चाहता है।

**10 दिन में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा:** सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों और आश्वासन को संज्ञान में लिया। मेहता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कदम उठाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार से 10 दिन में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

### फाइटर जेट बहलोल नगर इलाके में एक घर पर गिरा, इस घर में रहने वाली 3 महिलाओं की मौत हो गई

## राजस्थान के हनुमानगढ़ में वायुसेना का मिग-21 क्रैश

**हनुमानगढ़:** हनुमानगढ़ में सोमवार सुबह मिग-21 फाइटर जेट क्रैश हो गया। फाइटर जेट बहलोल नगर इलाके में एक घर पर गिरा। इस घर में रहने वाली 3 महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पायलट सुरक्षित है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए हैं। मृतकों के नाम बशोकौर (45), बंतो (60) और लीला देवी (55) हैं। पायलट राहुल अरोड़ा (25) ने पैराशूट से कूदकर अपनी जान बचाई। उन्हें सूरतगढ़ भेजा गया है।

**सूतरगढ़ एयरपोर्ट से 25 किमी दूर मिला फाइटर जेट का पायलटः** एयरफोर्स ने कहा, "मिग-21 ट्रेनिंग उड़ान पर था। उड़ान के दौरान पायलट को इमरजेंसी सिचुएशन का



पता चला, उसने एयरक्राफ्ट को संभालने की कोशिश की। जब वह ऐसा नहीं कर पाया, तो उसने विमान से इजेक्ट करने का फैसला किया। सूरतगढ़ एयरबेस से करीब 25 किलोमीटर दूर पायलट मिला। उसे मामूली चोटें आई हैं। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।"

**जिस घर पर क्रैश, उसके बगल के मकान की छत भी गिरीः** हादसे में सरोज (18, विमला (19) और वीरपाल कौर (32) घायल हुई हैं। मिग-21 क्रैश के बाद हुए धमाके से पड़ोस के एक दूसरे मकान की छत गिर गई। इस मकान में रहने वाली महिला को भी चोटें आई हैं। ग्रामीण प्रहलाद ने बताया कि विमान के घर पर गिरने के बाद जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर ध्वस्त हो गया था। घर में मौजूद 3 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी। आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पुलिस-प्रशासन के लोग जब तक पहुंचे, लोगों ने शव बाहर निकाल लिए थे। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। इसके बाद जेसीबी से मलबे में और लोगों की तलाश की, लेकिन कोई डेडबॉडी नहीं मिली।

## ईडी निदेशक के कार्यकाल को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के कार्यकाल के विस्तार को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस बीआर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और जस्टिस संजय करोल की बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। कोर्ट ने संबंधित पक्षों से अगले शुक्रवार तक अतिरिक्त लिखित नोट दाखिल करने को भी कहा है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को अवगत कराया कि एसके मिश्रा पुलिस महानिदेशक नहीं हैं, लेकिन वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए संसद ने सचेत रूप से फैसला लिया।

मेहता ने अदालत को यह भी बताया कि एसके मिश्रा नवंबर से सेवानिवृत्त होंगे। दरअसल, कोर्ट 17 नवंबर 2022 को केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक एसके मिश्रा का तीसरा कार्यकाल बढ़ाया था।

**पिछली सुनवाई में क्या हुआ?**

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा को दिए तीसरे सेवा विस्तार पर केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या वह इतने जरूरी हैं कि सुप्रीम कोर्ट के मना करने के बावजूद उनका कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पूछा था क्या कोई व्यक्ति इतना जरूरी हो सकता है।

# धारदार हथियार से इकलौती बेटी की हत्या, इलाके में सनसनी

## प्रथम द्दष्टया मामला आशनाई का, नामजद रिपोर्ट दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के इसौटा गांव में इकलौती बेटी की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई।सूचना पर भारी संख्या में मेजा पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज कर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के कोहड़ार पुलिस चौकी अंतर्गत इसौटा गांव में सोमवार की भोर में विजय शंकर मिश्रा की इकलौती बेटी प्रिया मिश्रा ;20द्ध की उसी के कमरे में धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। मृतका दो छोटे भाइयों में बड़ी थी और बी ए द्वितीय वर्ष में



थी।जबकि विवेक 12वीं और संजय 8 वीं कक्षा में पढ़ता है। सूचना पर एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रए कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र व चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है।पुलिस के अनुसार प्रथम द्दष्टया मामला आशनाई का है। मृतका के पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायड टीम को साक्ष्य मिटाने के कारण कोई सुराग हाथ नहीं लगा।सूत्रों के मुताबिक आशनाई मामले में इसके पूर्व दोनों परिवारों में नोंक झोंक हुई थी।मामला शांत हो गया था।पुलिस के अनुसार मृतका के भाई के हाथ में चोट का निशान पाया गया। पुंछने पर उसकी मां ने कहा कि सरौता से हमने मारा है।आज की घटना से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि हत्या परिजनों ने की या फिर आशिक ने।यह पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट जो पाएगा।सवाल यह उठता है कि जब लड़की की हत्या हुई होगी तो वह चिल्लाई होगी और परिजनो को इस बात की जानकारी हुई होगी।ग्रामीणों के मुताबिक मृतका के पिता ने सुबह बेटी को लेकर अस्पताल गए जहां डाक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने पर पुलिस चौकी ले गए और पुलिस को मामले की जानकारी दी। मृतका के पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामला पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल मे जुटी गई है।

# बी फार्मा की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, दोस्त से फोन पर हुआ था झगड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज के सलोरी इलाके में बीफार्मा की छात्रा 25 वर्षीय दीपिका सरोज ने रविवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव लॉज में बने कमरे में फंदे पर लटकता मिला। साथ में रहने वाली फुफेरी बहन ने बताया कि रविवार शाम दीपिका का अपने एक दोस्त से फोन पर विवाद हुआ था।

दीपिका पुत्री मानिक लाल सरोज मूल रूप से प्रतापगढ़ के फतनपुर की रहने वाली थी। वह मथुरा के एक कॉलेज से बीफार्मा की पढ़ाई कर रही थी। वह कर्नलगंज के सलोरी मोहल्ले में स्थित एक लॉज में अपनी फुफेरी बहन के साथ रहती थी। दोनों एक निजी अस्पताल में काम भी करती थीं। रविवार को उसकी फुफेरी बहन शाम को कहीं बाहर चली गई। रात में 10 बजे के करीब वापस आई तो देखा कि दीपिका फांसी पर लटकी हुई है।उसने शोरगुल मचाया तो आसपास के लोग जुट गए और फिर सूचना पर पुलिस पहुंच गई। इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि पूछताछ में फुफेरी बहन ने बताया है कि छात्रा का अपने दोस्त से किसी बात को लेकर फोन पर विवाद हुआ था। घटना की सूचना पर फाफामऊ में रहने वाले उसके बहन और बहनोई भी आ गए। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## उमेश पाल की हत्या के बाद गुड्डू मुस्लिम ने कौशांबी में ली थी शरण, पुलिस के आने के पहले ही हुआ फरार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार गुड्डू मुस्लिम को लेकर एक और बात सामने आई है। चर्चा है कि वारदात के बाद उसने कौशांबी में शरण ली थी। वह दो दिन तक पिपरी के अवघन स्थित एक फार्म हाउस में छिपा रहा था। भनक लगने पर फोर्स ने छापा भी माराए लेकिन इससे पहले ही वह निकल भागा था। हालांकिए इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। चर्चा यह भी है कि गुड्डू मुस्लिम को कौशांबी स्थित फार्म हाउस में शरण दिलाने में राजूपाल हत्याकांड के शूटर अब्दुल कवि ने मदद की थी।इ स काम में उसका सहयोग अवघन में रहने वाले दो सगे भाइयों ने किया था।



## अवैध मिट्टी खनन की लापरवाही में एक मजदूर की चली गई जान

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र में मजदूरों के बगैर सुरक्षा के काल के मुहाने पर खड़े कर अवैध मिट्टी खनन करवाना सोमवार के दिन महंगा साबित हो गया। घूरपुर थाना क्षेत्र के सेंधुवार गांव में सोमवार की शाम 6बजे जेसीबी से मिट्टी का टीला काट कर ट्रैक्टर में लाद जैसे ही चालक ट्रैक्टर आगे की ले जाने की कोशिश की तो अचानक ट्रैक्टर पीछे की ओर भागने लगी। ट्रैक्टर के पीछे सेंधुवार गांव निवासी मजदूर साधु आदिवासी, पुत्र बेनी माधव जो ट्रैक्टर में मिट्टी लादने का काम करता है।पीछे खड़ा था जिसे ट्राली की डाला में लगी कटिया उसके पेट में धंस गई जिससे मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे मजदूर के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना देख अवैध मिट्टी खनन कारोबारी मौके से भाग निकला। इसे देख मजदूर के परिजन आक्रोशित हों बवाल करने के लिए एकजुट होने लगे। जिस पर अवैध मिट्टी खनन कारोबारी ने गांव के दबंग लोगों से डरा धमका शांत करा दिया। आरोपित है कि पुलिस ने भी अवैध कारोवारी का साथ दिया और परिजनों के शिकायत करने पर भी अवैध मिट्टी खनन कारोबारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। और पुलिस परिजनो को समझा बुझाकर मजदूर के शव को पीएम के लिए भेज दिया। ग्रामीण बताते हैं कि थाना क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से विगत कई महीनो से बड़े पैमाने से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। शिकायतो के वावजूद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।



## लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे पूर्व सांसद अफजाल अंसारी, सजा को दी है चुनौती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी ने लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने सजा के फैसले को चुनौती देने का आधार बनाया है। सोमवार को उन्होंने अपने वकील के माध्यम से याचिका दायर की।बता दें कि गाजीपुर की एमपीएमएलए को कोर्ट ने विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड के मामले में मुख्तार अंसारी और सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में सजा सुनाई थी। मुख्तार को दस साल और अफजाल को चार साल की सजा सुनाई गई है। सजा के खिलाफ अफजाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अफजाल अंसारी गाजीपुर से बसपा के सांसद हैं। उन्होंने मनोज सिन्हा को पराजित किया था।

## चुनाव बाद असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती शुरू होने के आसार, हो सकती है नए सदस्य की नियुक्ति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर निकाय चुनाव के बाद विज्ञापन संख्या.51 के तहत प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती शुरू होने के आसार हैं। चुनाव की अधिसूचना समाप्त होने के बाद उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग ;यूपीएचईएससीद्ध को नए अध्यक्ष मिल सकते हैं।आयोग में अध्यक्ष का पद फरवरी के पहले सप्ताह से खाली है। वहींए सदस्यों के छह में से चार पद खाली चल रहे हैं। ऐसे में कोरम के अभाव में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती फंसी हुई है। विज्ञापन संख्या.51 के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 पदों पर भर्ती होनी है। आवेदन की प्रक्रिया अगस्त.2022 में पूरी हो चुकी है और आवेदन करने वाले 1ण्14 लाख अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की तिथि घोषित होने का इंतजार है।आयोग में अगर एक सदस्य की नियुक्ति भी कर दी जाए तो कोरम पूरा हो जाएगा और तीन सदस्यों में किसी एक को अध्यक्ष के पद पर नामित करते हुए भर्ती परीक्षा की तिथि घोषित की जा सकेगी। आयोग के सूत्रों का कहना है कि शासन स्तर से संकेत दिए गए हैं कि आयोग भर्ती परीक्षा की तैयारी में जुट जाए। ऐसे में शासन जल्द ही आयोग में नए सदस्य या अध्यक्ष को नियुक्त कर सकता है।

## डॉ. अनंत का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के छात्र रहे डॉ. अनंत उपाध्याय का चयन दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गृह जनपद सुल्तानपुर के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज से हुई। इसके बाद इविवि से स्नातक व परास्नातक किया। उन्होंने विभाग की डॉ. सरिता मैक्सवेल के पर्यवेक्षण में शोध कार्य पूर्ण किया।



## पुलिस ने पांच बाइक का किया चालान

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार शाम रामनगर बाजार के चिरैया मोड़ पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के कागजात की चेकिंग के साथ हेलमेट पहनने तथा सीट बेल्ट बांधने भी हिदायत दी। चेताया कि वाहन का कागज और हेलमेट लेकर ही सड़क पर निकलें। इस दौरान उन्होंने पांच बाइकों का चालान काटा।

# दलित विधवा चंदो देवी की पट्टे वाली भूमि पर विपक्षी ने किया कब्जा पुलिस प्रशासन उदासीन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अनुसूचित जाति की विधवा महिला चंदो देवी पत्नी स्वण रामअभिलाख थाना करछना स्थित ग्रामसभा सेमरी मजरा ताण पुरवा की निवासिनी है। भूमि प्रबंधक समिति ने चंदो देवी को सन 1994 में पति के मरणोपरान्त लगभग 8 बिस्वा जमीन कृषि कार्य का पट्टा किया। पट्टे के समय से ही चंदो देवी पट्टे वाली भूमि पर काबिज दाखिल रहते खेती बारी करते रही चली आ रही है। गांव के ही शोरेपुस्त दबंग लोगों ने जबरन चंदो देवी की पट्टे वाली भूमि पर कब्जा कर लिये। दिनांक 13.10.2022 को विपक्षीगण के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बावत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व दिनांक 24.02.2023 को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज को प्रार्थना पत्र दिया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि ने थानाध्यक्ष करछना को विपक्षीगण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया। किन्तु आज तीन महीने बाद आज तक थानाध्यक्ष करछना ने विपक्षीगण के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। सहायक पुलिस आयुक्त करछना से बात करने पर जबाब मिला कि चंदो देवी बेचीनामा करके दो बिस्वा जमीन विपक्षी को बेच दिया है। प्रश्न यह उठता है कि एक अनुसूचित जाति की महिला गैर अनुसूचित जाति के साथ बेचीनामा कैसे कर सकती है। दूसरा प्रश्न यह खड़ा हो रहा है कि रजिस्टर्ड बेचीनामा में दोनों पक्षों की एक एक फोटो उनके साथ



उनके दो दो गवाहों के हस्ताक्षर होते है जबकि चन्दो देवी के बेचीनामा में पचास रुपये के स्टाम्प पर विपक्षी की फोटो और उसके पक्ष में तीस गवाहों के हस्ताक्षर है वही चंदो देवी का न तो फोटो ही लगी है और न उसके हस्ताक्षर है और न ही उसके किसी एक गवाह का नाम है अर्थात दलित विधवा महिला की पट्टे वाली भूमिधरी भूमि को कब्जा करने की नियति से फर्जी जालसाजी करके पचास रुपये के स्टाम्प पर फर्जी बेचीनामा बनाया गया है। थानाध्यक्ष का विपक्षियों से मिलीभगत होने की वजह से अलग अलग प्रार्थना पत्रो की अलग अलग रिपोर्ट यह बताती है कि चन्दो देवी के मामले में पुलिस प्रशासन उदासीन बना हुआ है। थाने से आ रही पार्थना पत्रों के जबाब में कभी रिपोर्ट आती है कि बेचीनामा चन्दो देवी के पति किये है जिसके एवज में पैसा लिये है। कभी रिपोर्ट आती है कि चन्दो देवी का भाई राम प्यारे बेचीनामा किया है और कभी रिपोर्ट आती है कि चन्दो देवी ने बेचीनामा की है जिसके एवज में छः हजार रुपये ली है। दिन दहाड़े उमेश पाल की हत्या के बाद से कार्यालय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्थित कार्यालय पुलिस उपायुक्त गंगापार और पुलिस उपायुक्त यमुनापार जन सुनवाई करते नहीं देखे गए क्योंकि उमेश पाल हत्याकांड के बाद चन्दो देवी लगातार सोमवार को चौथी बार पार्थना पत्र देने कार्यालय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आयीं लेकिन सुनवाई ढाक के तीन पात सिद्ध हुई। जन सुनवाई में समस्याओं को न सुना जाना चन्दो देवी के लिये यमुनापार ही नही बल्कि गंगापार और शहर के फरियादियों के लिये भी है। जन सुनवाई कब अपने वास्तविक पटरी पर आएगी एक प्रश्न चिन्ह के अलावा कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

# शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान के एनकाउंटर की जांच करने पहुंची, मुठभेड़ स्थल का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान के एनकाउंटर की जांच करने के लिए गठित एसआईटी की टीम सोमवार को कौंधियारा स्थितर मुठभेड़ स्थल पर पहुंची। एसआईटी टीम ने गोती गांव स्थित पुलिया के पास पहुंचकर मुठभेड़ स्थल का जायजा लिया और मामले की छानबीन की। एसआटी टीम में कई अधिकारी शामिल रहे। टीम के आने की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहले ही घटना स्थल पर पहुंच गई थी। मौके पर पुलिस फोर्स के साथ ही पीएसी के जवानों को लगाया गया था। दोपहर बाद टीम ने पहुंचकर छानबीन की और मुठभेड़ में शामिल पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। घटनास्थल पर किसी को जाने की अनुमति नहीं



दी गई। मुठभेड़ के स्थान को चारों तरफ से घेर कर पुलिस और पीएसी का पहरा लगा दिया गया था।

विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह रहे उमेश पाल को 24 फरवरी 2023 को उनके घर में घुसकर गोलियों से भून दिया गया था। अतीक अहमद का बेटा असद समेत छह शूटर गोली और बम मारते हुए सीसीटीवी में दिखे थे। अगले दिन उमेश की पत्नी ने अतीक, अशरफ, शाइस्ता, अतीक के बेटेए गुड्डू मुस्लिम, उस्मान समेत अतीक के कई अज्ञात गुर्गों और सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना के चार दिन बाद एनकाउंटर में अरबाज को मार गिराया। छह मार्च को उस्मान उर्फ विजय को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था। मुठभेड़ की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

योजना के मुताबिक विजय चौधरी उर्फ उस्मान ने उमेश पाल पर पहली गोली चलाई थी। अतीक गैंग ने उमेश की हत्या के पहले जो प्लानिंग की थीए उसके तहत उस्मान चौधरी को पहली गोली फायर करनी थी। योजना के मुताबिक उस्मान ने क्रेटा से उतरते ही उमेश पाल पर फायर झोंक दिया। जब तक उमेश और उनके अंगरक्षक कुछ समझ पाते तब तक शूटर गुलाम हसन और अतीक के तीसरे नंबर का बेटा असद मौके पर पहुंच कर फायर झोंकने लगे। साथ ही गुड्डू मुस्लिम बम मारकर दहशत पैदा करने लगा। गोलियों और बम की बौछार की चपेट में आने से उमेश समेत उनके दोनों गनर मारे गए। इस घटना से प्रदेश में भूचाल आ गया था।

# सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर दो लोगों ने एक युवक से लाखों रुपये हटप लिए

## मऊआइमा थाने में एक दबंग के उपर दर्ज है चार अन्य मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** कई वर्ष पूर्व सरकारी नौकरी दिलवाने के लिए दो लोगों ने एक युवक से पांच ले लिए। जब नौकरी नहीं दिलवा सके तो कुछ पैसा थोडा थोडा वापस दिए। शेष धनराशि मांगने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने दो फ्राडियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ वाजिदपुर निवासी बृजेंद्र कुमार पटेल पुत्र राम आधार पटेल को सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर कई वर्ष पूर्व पांच लाख रुपये दो लोगों ने लिया।परन्तु नौकरी नहीं दिलवा सके। आरोप है कि जब भी वह पैसा मांगता गांव का दबंग धमकी देता। बहुत दबाव के बाद कई वर्षों तक थोडी थोडी रकमें देने लगे। बताया गया है कि बकाया में से एक लाख 66 हजार रुपये नहीं दिए तो बृजेन्द्र कुमार मांगने लगा। आरोप है कि एक आरोपी उससे कहने लगा कि तुम मुझ को नहीं जानते मेरे नाम से कई गांव में लोग खौफ खाते हैं। बृजेंद्र कुमार का आरोप है कि जब फिर उसने विनती करते हुए बकाया एक लाख 66ण्हजार रुपये मांगने लगा तो उसे भद्दी भद्दी गालियां दी गई और हत्या की धमकी देते हुए कहे कि अब दोबारा आए तो तुम्हारी लाश जाएगी।खौफजदा बृजेंद्र कुमार ने मऊआइमा थाने में सोमवार को छीतेमऊ निवासी शमसुल कमर पुत्र अजीज और सराय खव्जा निवासी अबरार अहमद पुत्र सदरुद्दीन के खिलाफ अमानत में ख्यानतए हत्या की धमकीए गालियां देने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया है कि छीतेमऊ का आरोपी शमसुल कमर पर इसके पूर्व मार पीटए हत्या की धमकी देने आदि सहित चार अन्य मुकदमा दर्ज है। जिसके डर खौफ से कई गांव के लोग भयक्रान्त हैं। इसके खिलाफ कोई जुबान नहीं खोल पाता है।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में जमीनी विवाद को लेकर मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरीगंज देवापुर निवासी मोहम्मद इस्लाम पुत्र गफ्फार अली का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसे और परिजनों को मारा पीटा गया। पुलिस ने तैय्यब अलीए जैनब एसलमाए हेना बानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम अलावलपुर निवासनीय सुमन देवी पत्नी धर्मराज सरोज का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसे डंडों से मारे पीटे गालियां दी। सुमन देवी ने मऊआइमा थाने में देवराज एसंतोष कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मऊआइमा में फिर दो स्थानों पर लाखों की चोरी थाने में दी गई तहरीर

## बांकाजलालपुर विद्यालय एंव उमरिया गेंदा में किसान के यहां हुई चोरी की घटना



**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है। बीती रात चोरों ने एक विधालय के चैनल गेट का ताला तोड़कर तमाम प्रकार के सामान चोरी कर ले गए। इसी क्रम में ट्यूबवेल का ताला तोड़कर हजारों का अनाज चोर चोरी करने में सफल रहे। दोनों स्थानों पर हुई चोरी



की घटना की तहरीर मऊआइमा थाने में दी गई है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने बांकाजलालपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के चैनल गेट का ताला तोड़कर अलमारीए मिड डे मिल आदि कमरों का ताला तोड़कर रसोई गैस सिलेंडरए आटाए चावलए तेलए मसालाए दर्जनों गिलासएअन्य बर्तन आदि तथा निःशुल्क पुस्तकों तथा खेल कूद के सामानों सहित लाखों के सामानों एंव अन्य पुस्तकों को गधर उधर फेंक दिए और चोर चोरी करने में कामयाब रहे। सोमवार को सुबह ग्राम



प्रधान लाल बहादुर पटेलए



प्रधानाध्यापक चिन्तामणि त्रिपाठी ने उक्त चोरी की घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया बादल उर्फ गेंदा निवासी पप्पू मौर्या पुत्र जोखू लाल मौर्या ने निमार्णाधीन मकान के कारण अपने घर का पांच बोरी गेंहू ए चार बोरी चावलए एक बोरी चावल आदि ट्यूबवेल में रख दिया था। चोरों ने ट्यूबवेल का ताला तोड़कर सारे अनाज सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। पप्पू मौर्या ने 112 नम्बर को सूचना दिया। पुलिस खानापूर्ति करके चली गई। पप्पू मौर्या ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# 13 मीटर चौड़ा होगा निरंजन पुल, कल से सौ दिन के लिए बंद होगा रास्ता



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुराने शहर को सिविल लाइंस व अन्य इलाकों से जोड़ने वाले निरंजन रेलवे ब्रिज के नीचे से गुजरने वाला रास्ता मंगलवार नौ मई से बंद कर दिया जाएगा।

इस रास्ते पर रोड ट्रैफिक सौ दिन के लिए बंद रहेगा। इस अवधि में रेलवे निरंजन पुल के ऊपर एक और ट्रैक बिछाएगा। खास बात यह है कि रेलवे पुल को तकरीबन 13 मीटर और चौड़ा करेगा। ब्लॉक के दौरान रास्ता बंद होने से आम लोगों को भयंकर जाम की समस्या से जूझना पड़ सकता है।निरंजन रेल ब्रिज के चौड़ीकरण को लेकर रेलवे के साथ तमाम विभागों के अफसरों ने रविवार को साइट का निरीक्षण किया। इसके बाद ही नौ मई से वहां ट्रैफिक ब्लॉक लगाने की सहमति बनी। अब प्रयागराज रामबाग.प्रयागराज जंक्शन रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य की वजह से ब्रिज पर एक और लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा ब्रिज पर इतनी जगह और छोड़ी जाएगीए ताकि भविष्य में अगर एक और अतिरिक्त लाइन बिछाने की आवश्यकता होए तो वह कार्य बिना किसी बाधा के पूरा कर लिया जाए।

### रामबाग, खुसरोबाग आरओबी व सीएमपी आरयूबी पर बढ़ेगा ट्रैफिक लोड

जानसेनगंज से निरंजन पुल के नीचे होकर गुजरने वाला रास्ता बंद होने की वजह से रामबागए खुसरोबाग रेल ओवर ब्रिज एवं सीएमपी आरयूबी पर लोड बढ़ जाएगा। रामबाग ब्रिज सिर्फ दो लेन का है। इस वजह से अगर वहां ट्रैफिक बढ़ता हैए तो शहर के लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ सकती है। इसी तरह खुसरोबाग आरओबी से नवाब युसूफ रोड पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ सकता है। वहां हाईकोर्ट फ्लाईओवर के नीचे वाले रास्ते पर सामान्य दिनों में भी काफी भीड़ रहती है।

### अभी खुले हैं स्कूलए गर्मियों की छुट्टियों में रेलवे करे काम

निरंजन रेल पुल पर जिला प्रशासन ने तमाम नियमों व शर्तों के साथ सौ दिन काम करने की मंजूरी शनिवार को ही दी गई है। हालांकि लोगों का कहना है कि अभी स्कूल.कॉलेज खुले हैं। ऐसे में अगर रेलवे रास्ता बंद करता हैए तो सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को ही होगी। समाजसेवी सर्वजीत सिन्हा ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि ब्लॉक स्कूलों में होने वाली गर्मियों की छुट्टी के दौरान लिया जाए। अधिकतर स्कूल आदि 20 मई के बाद ही बंद होंगे। व्यापारी नेता मोण कादिर ने कहा कि निरंजन पुल का रास्ता बंद होने से व्यापार पर भी असर पड़ेगा।

# अभयपुर में बनेगी पुलिस चौकी, तहसीलदार ने किया भूमिपूजन

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** तहसीलदार बारा रमेश चंद्र पांडेय ने सोमवार को पूरे विधि.विधान से पुलिस चौकी अभयपुर के निर्माण के लिए आधारशिला रखी।

सुबह साढ़े दस बजे आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में तहसीलदार लगभग चार घंटा देरी से पहुंचे और भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया। इस पुलिस चौकी का निर्माण कार्य किसी निजी फर्म के द्वारा करवाया जाएगा। अभयपुर में पुलिस चौकी के भूमिपूजन कार्यक्रम में एसपी यमुनापार को आना थाए लेकिन वह नहीं आए। उनके स्थान पर तहसीलदार बारा ने भूमि पूजन की प्रक्रिया संपन्न करवाई। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि यह भूमिपूजन का कार्यक्रम चंद लोगों की मौजूदगी में किया गया।

ग्राम प्रधान तक इस कार्यक्रम में नहीं दिखे। इस मामले में तहसीलदार बारा रमेशचंद्र पांडेय से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान को जानकारी दी गई थीए लेकिन उनकी तबियत खराब हैए इसलिए वह यहां पर उपस्थित नहीं हो पाए। दूसरी तरफ ग्राम प्रधान के मुताबिक पुलिस चौकी के लिए किए गए भूमिपूजन के बारे में उन्हे कोई जानकारी ही नहीं है। फिलहालए मसला चाहे जो होए लेकिन पुलिस चौकी के भूमिपूजन के कार्यक्रम में ग्राम प्रधान का नहीं आना लोगों के गले नहीं उतर रहा है। यह पुलिस चौकी यूपी.एमपी की सीमा पर स्थित शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आएगी।



भूमिपूजन कार्यक्रम में सबसे दिलचस्प बात जो नजर आईए वह यह कि निर्माण पुलिस चौकी का हो रहा हैए लेकिन मौके पर पुलिस विभाग का कोई भी कर्मचारीए अधिकारी नजर नहीं आया।

जबकि भूमिपूजन समारोह के लिए जो कार्ड छपवाया गया थाए उसमें बाकायदा एसपी यमुनापार और एसओ शंकरगढ़ का नाम दर्ज है। इस मामले में एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी प्राइवेट फर्म के द्वारा चौकी का निर्माण करवाए जाने की सूचना मिली है। पुलिस चौकी बानने के बाद जब उन्हे हैंडओवर की जाएगी तो वह उसे ले लेंगे।

# यूजीआई के 29 सिविल इंजीनियरिंग छात्रों को पीएमपीएल में मिली नौकरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज/नैनी।** नैनी यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ;यूजीआइ, नैनी प्रयागराज के 29 छात्रों को हैदराबाद स्थित प्रमुख निर्माण कंपनी पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, पीएमपीएल, में नौकरी मिली है सभी छात्र 2023 बैच के सिविल इंजीनियरिंग, सीई, ब्रांच के हैं। कम्पनी ने इन छात्रों को 2.16 लाख रुपये प्रति वर्ष एलपीए, के पैकेज पर ग्रेजुएट ट्रेनी इंजीनियर के प्रोफाइल पर नौकरी की पेशकश की है। सभी छात्रों का चयन हैदराबाद लोकेशन के लिए हुआ है जिसमें से अधिकांश ने नौकरी ज्वाइन भी कर ली है यूजीआई की कॉर्पोरेट एण्ड इंडस्ट्री रिलेशन्स प्रमुख डॉ दिव्या



बरतरिया ने कहा कि इन छात्रों का चयन ऑफलाइन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से किया गया जिसमें लिखित परीक्षा और साक्षात्कार शामिल था। डॉ बरतरिया ने कहा कि छात्रों का यह चयन निश्चित रुप से अन्य छात्रों को सिविल इंजीनियरिंग में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। खासकर ऐसे समय में जब शीर्ष पायदान की आईटी कंपनियां विश्व स्तर पर अपने कर्मचारियों को निकाल रही हैं। यूजीआई के प्रेसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी] वाइस चेयरमेन सतपाल गुलाटी और वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

# मुक्त विश्वविद्यालय ने गांवों में प्रारंभ किया योग जागरूकता कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने गोद लिए गांव में योग जागरूकता एवं कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ किया है। जिसका प्रारंभ लेहरा तिवारीपुर गांव से योग जागरूकता के माध्यम से किया गया। राज्यपाल सचिवालय के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिया गया। विश्वविद्यालय ने गांव लेहरा तिवारीपुर में योग जागरूकता शिविर का शुभारंभ की। जागरूकता कार्यक्रम का समापन 26 मई को सराय मदन सिंह उर्फ चांटी गांव में होगा।योग

### लेहरा तिवारीपुर में योग जागरूकता शिविर का शुभारंभ



जागरूकता शिविर में ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया। इस शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखाए महिला अध्ययन केंद्र एवं कृषि विज्ञान विद्या शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। उपस्थित जन समुदाय का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन प्रोफेसर जीएस शुक्लए निदेशकए स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा किया गया। ग्रामवासियों को सूक्ष्म योगए प्राणायामए ध्यानए मुद्राए बन्धए प्रार्थना आदि का अभ्यास कराया गया।

### योग जागरूकता शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन

प्रोफेसर रुचि बाजपेई, समन्वयक, महिला अध्ययन केंद्र ने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को योग से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षण अनुराग शुक्ल एवं निकेत सिंह द्वारा ग्रामवासियों को सूक्ष्म योगए प्राणायामए ध्यानए मुद्राए बन्ध, प्रार्थना आदि का अभ्यास कराया गया।

कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक एवं लेहरा तिवारीपुर गांव के प्रभारी प्रोफेसर पीपी दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर लेहरा तिवारीपुर गांव के प्रधान ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।मीडिया प्रभारी डॉण प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि इसी कड़ी में 11 मई को बारीए सोरांवए 12 मई को मातादीन का पूराए 14 मई को टीएसएल चाड़ीए15 मई को गोहरीए 17 मई को जैतवार डीह तथा 26 मई को सराय मदन सिंह उर्फ चांटी गांव में योग जागरूकता शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। योग प्रशिक्षकों एवं महिला अध्ययन केंद्र द्वारा किया जाएगा।

## मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे पंचायत भवन

### राजस्व का लग रहा लाखों का चूना, कई आवेदन जिला स्तर पर पड़े हैं लंबित

**श्रृंगवेरपुर।** विकास खंड श्रृंगवेरपुर धाम की ज्यादातर पंचायत भवनों में फ्री की बिजली प्रयोग किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इससे महीने में सरकार को लाखों की चपत लग रही है। आरोप है कि आवेदन के बाद भी कनेक्शन के लिए दर्जनों आवेदन जिलास्तर पर ही लंबित पड़े हैं।

विकास खंड श्रृंगवेरपुर धाम में 51 ग्राम पंचायत शामिल हैं। बताया जाता है कि लगभग सभी ग्राम पंचायतों में विद्युत कनेक्शन के बगैर बिजली का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। इससे न सिर्फ कनेक्शन धारकों को हलाकानी उठानी पड़ रही हैए बल्कि सरकार को भी महीने में लाखों का चूना लग रहा है। सूत्र बताते हैं कि कई ग्राम पंचायतों की ओर से बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी किया गया थाए लेकिन कई माह से जिलास्तर पर ही आवेदन ठंडे बस्ते में पड़े हुए हैं। लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से पंचायतों में फ्री की बिजली का खेल फल फूल रहा है। लोगों ने जिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग उठाई है।

## कैंपस ड्राइव में शुआट्स के 50 से अधिक बच्चों का चयन

**नैनी/प्रयागराज।** सैंम हिगिनबॉटम कृषिए प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालयए प्रयागराज में निदेशालय कैरियर प्लानिंग एण्ड काउन्सेलिंग के निदेशक ने बताया कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में 8 कम्पनियों एग्रोस्टारय अमल फार्मय बनस डेरीय सी0पी0 मिल्क एण्ड फूड प्रोडक्ट यज्ञान डेरीद्ध गोस्वस्थ एग्रो नेटवर्कय हाइक एजुकेशन प्रा0 लि0य प्लानेट स्पार्क और सुरभी डेरी फार्म आदि कम्पनियों ने प्लेसमेन्ट का आयोजन किया। इन आठो कम्पनियो में 50 से अधिक छात्र छात्राओं का चयन हुआ।

# बहरिया में किसानों ने लगाई चौपाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के बहरिया क्षेत्र में महावीर रोड के पास भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधान में किसान चौपाल का आयोजन किया गया।किसानों से जुड़ी समस्या आवारा पशुए नकली खादए नकली बीज के कारण किसान ठगे जा रहे हैं। आवारा पशु से खेती नष्ट हो रही है। वर्तमान सरकार इस प्रकरण को गंभीरता से लें। वहीं कुछ किसानों ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों के शिथिल रवैया से नाराजगी जाहिर की। इस दौरान एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

**कर्मचारियों के शिथिल रवैया से किसान परेशान**

किसानों ने कहा कि कर्मचारियों के शिथिल रवैया से किसान कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाते फिर रहे हैं। न्यायालयों में फाइलों का बोझ बन रहा है। समाधान के नाम पर केवल तारीख पर तारीख मिल रही है। लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। किसानों ने अपनी समस्याओं को ज्ञापन पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम उपजिलाधिकारी फूलपुर सौरभ भट्ट को सौंपा।सुरक्षा में थाना प्रभारी बहरिया रमेश सिंह हमराहियों के साथ ब्लाक फूलपुर के अधिकारी व बिजली विभाग के अधिकारी काफी संख्या में यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता क्षेत्रीय ग्रामीण किसान मौके पर उपस्थित रहे।



सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, आवारा पशुओं को समस्या से निजात दिलाने की मांग

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी मशाल रैली का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत, आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मशाल रैली प्रयागराज में सोमवार को निकाली गई। अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मेयो हाल से निकली रैली शहर के प्रमुख स्थानों से होते हुए गुजरी। जगह.जगह खिलाड़ियों ने रैली का जोरदार स्वागत किया। रैली को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में शामिल खिलाड़ियों ने रैली के उद्देश्य और आने वाले दिनों में होने वाले आयोजनों के बारे में जानकारी दी। सोमवार को सुबह छह बजे से रैली शुरू हुई। पहले इस तरह की मशाल रैली ओलंपिक खेलों और खेलो इंडिया के आयोजन पर ही निकाले जाते थे। पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मशाल निकाली जा रही है। कार्यक्रम में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंताए जिलाधिकारी संजय कुमार खत्रीए




सीडीओए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी समेत तमाम अधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।खेले जाएंगे 12 खेल

लखनऊ में चार स्थानों पर 12 खेल खेले जाएंगे। इनमें तीरंदाजीए जूडोए मल्लखंबए वॉलीबालए तलवारबाजीए बैडमिंटनए टेबल.टेनिसए रग्बीए एथलेटिक्सए हॉकीए फुटबॉल शामिल हैं। वहीं गौतमबुद्ध नगर ;नोएडाद्ध में तीन स्थानों पर कुल पांच खेल खेले जाएंगेए जिनमें बास्केटबॉलए कबड्डीए मुक्केबाजीए तैराकी और भारोत्तोलन शामिल है। इसके अलावा वाराणसी के आईआईटी.बीएचयू में दो खेल कुश्ती और योगासन के खेल आयोजित होंगे।गोरखपुर में रोइंग और दिल्ली में शूटिंग के खेल का आयोजन होगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेल में रोइंग को पहली बार शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में देशभर से कुल 4705 एथलीटए 941 सपोर्ट स्टाफए 1500 वॉलिंटियर समेत लगभग आठ हजार से अधिक लोग प्रदेश में आएंगे।

# इन्टर के विज्ञान वर्ग मेधावियों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज में कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रभारी प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आप में प्रतिदिन सुधार करने वाले और अनुशासन में रहने वाले छात्र ही ज्यादा सफल सफल हुआ करते हैं।

सम्मान पाने वाले छात्रों में शिवम सिंहएअंकित कुमार



निषाद, कुमार गौरव, विपिन पटेल, शिवांश तिवारी, मनीष यादव, पंकज कुमार, राहुल साहू, यश कुमार यादव, जयेश कुमार आदि छात्र रहे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक कुलभूषण मिश्रएराजेश द्विवेदीए नन्हें लाल यादवए रंग लाल यादवएजय सिंहए अचलेंद्र जायसवालए दयाशंकर सिंहए रामलखन प्रजापतिए विकास केसरी आदि ने भी अपनी शुभकामनाएं बच्चों को दी है।

# हंसी ठहाके मन मस्तिष्क को तरोताजा कर जीने की कला सिखाते हैं: बेशरम

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** हंसी ठहाकों में हमारे जीवन का लोकरंग बसता है। रोजमर्रा की आपाधापी के बीच कुछ समय किसी न किसी बहाने हंसने हंसाने से रक्त संचार व्यवस्थित होने के साथ.साथ हमारा मन मस्तिष्क भी तरोताजा हो उठता है और शरीर में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार होता है।हम सब को चाहिए के आज के तनावग्रस्त दौर में अपने जीने की इस कला को जीवन्त रखें।आकाशवाणी और दूरदर्शन से विगत तीन दशकों से बतौर कार्यक्रम संचालक जुड़े माटी के



गीतों के लोकरंग विषय पर शोधकार्य कर रहे लोकभाषा के चर्चित हास्य कवि अशोक बेसरम ने विश्व हास्य दिवस पर यह बातें कही। हास्य कवि ने

**दिल से दिमाग तक जीवन के रंगराग तक हंसी को संजोने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि हास्य ईश्वर द्वारा सिर्फ मानव को प्रदत्त एक अनमोल तोहफा है।**

कहा कि हमारे लोक जीवन में उमंग उल्लास, अनुहार मनुहार और बोली ठिठोली के बीच रची.बसीएमुस्कुराहट और हंसी एक अद्भुत योग क्रिया है। हमारे सामाजिक तानेबाने के बीच आज जब समाज में आपसी वैमनस्य, द्वेष, उद्वेगएतीरगी और असामंजस्यता का माहौल सा बनता जा रहा हो, मानव मन चिंता से ग्रस्त हो, जनमन में स्वार्थपरता की सोच घर कर चुकी हो तो ऐसे में होंठों पर मुस्कान और हंसी ठहाके सभी के लिए और भी जरूरी हैं। आजकल हास्य कवि सम्मेलनोंएलाफ्टर शो जैसे कार्यक्रमों के प्रति लोगों की पसन्द और बढ़ती रुझान बढ़ रही है। दिल से दिमाग तक जीवन के रंगराग तक हंसी को संजोने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि हास्य ईश्वर द्वारा सिर्फ मानव को प्रदत्त एक अनमोल तोहफा है जिसका सदुपयोग कर हमें अपने जीवन के इस इन्द्रधनुषी रंग को जीवन्त रखना चाहिए।

# न्यायिक अधिकारियों ने जनपद न्यायाधीश को दी भावभीनी विदाई

### सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय के कानपुर नगर में जनपद न्यायाधीश के पद पर स्थानांतरण होने पर जिला दीवानी न्यायालय के समस्त संवर्ग के कर्मचारियों ने शहर के एक मैरिज हाल में न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में भव्य व ऐतिहासिक विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी नंद प्रताप ओझा की अध्यक्षता में किया। इस मौके पर उपस्थितजनों ने भावुक मन व नम आंखों से भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम में न्यायिक कर्मचारियों ने जिला जज को पुष्प गुच्छ व माला पहना स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इसके पूर्व कार्यक्रम में भजन सम्राट पंडित रविशंकर मिश्र ने अपने भक्तिमय भजनों से समां बांधा। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिला जज के साथ बितायें गये पलो को साझा किया। इस मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि तमाम विसंगतियों को जिला जज ने अपने अल्पकाल में जो दूर करने का जो प्रयास किया वह सराहनीय है। न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिला जज को सरलता,सौम्यता का प्रतिमूर्ति बताते हुए उनके आठ माह के अल्प कार्य काल की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जी० प्रसाद के परिवार न्यायालय उरई में जिला जज के पद पदोन्नति पर उन्हें भी स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब तक आप सबका


जनपद न्यायाधीष को सम्मानित करते न्यायिक अधिकारीगण।

सहयोग नही मिलता तब तक मैं कुछ नहीं कर सकता था। इसलिए मैं कहता हूं साथी हाथ बढाना रे एक अकेला थक जाएगा...। उन्होंने कर्म को एक पूजा की तरह बताते हुए कहा कि आज तक जो कार्य किया वह न्याय के तहत किया। मेरा मानना है कि हर पल एवं क्षण ईश्वर का है उसी पर जिया जाय। उन्होंने कहा कि क्यु,कहां, कैसे के मूल मंत्र को ध्यान रखकर कार्य किया जाय तो कभी समस्या नहीं आ सकती है। सदाचार की विचारधारा सदैव मन में रहा है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे के प्रति विश्वास और काम के प्रति निष्ठा ही हमारी सबसे बड़ी मेहनत और हमें आगे बढ़ने का मौका देती है। इस मौके पर अपर जिला जज प्रथम जी० प्रसाद को भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजित कार्यक्रम के मौके पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो आलोक द्विवेदी, अपर जिला जज नन्द प्रताप ओझा, नीरज बरनवाल, मोनिका ठाकुर, हरिविंदर सिंह, कुन्दन किशोर, सीजेएम मनोज कुमार, सिविल जज भावना भारती सहित आदि न्यायिक अधिकारी के साथ ही जूबाए महामंत्री संतोष नारायण मिश्र, वकील परिषद के अध्यक्ष सूर्य कांत मिश्र निराला, महामंत्री सुरेश मिश्र, अधिवक्ता राम मिलन शुक्ल, आलोक सिंह, अतुल सिंह एवं न्यायिक कर्मचारियों में दीवानी नयायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र धर द्विवेदी, महामंत्री कमलेश सिंह, छोटेलाल, मोहम्मद मिन्नत उल्ला सुहैल, इसरार हुसैन खां, अजीत, दिनेश, पवन, रजनीश मिश्र, रमाशंकर द्विवेदी, राहुल शर्मा, सुशील यादव, विनोद सरोज, मोहित मिश्रा, रजनीश मिश्र, जितेन्द्र मिश्र, सलीम, संदीप सिंह, अमिताभ, सूर्य प्रकाश पांडेय, सुनील पांडेय, शेर बहादुर, सुरेंद्र प्रताप, संजय यादव, वेद प्रकाश, सत्येंन्द्र कुमार, लालजी, इंद्र भान सिंह, शैलेंद्र सिंह, समीम, दीपक, सुखराम व अनुपम रावत सहित आदि ने अपने अपने विचार रखे। अन्त में राजेश त्रिपाठी ने कर्मचारियों की ओर से सभी न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन इंद्रजीत सिंह ने किया।

## 200 अग्नि सचेतकों को प्रशिक्षण के बाद मिला सम्मान

### अग्नि सचेतकों के टीचर को अग्नि शमन विभाग ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के पुलिस लाइन स्थित फायर ब्रिगेड स्टेषन पर लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को अग्नि सचेतकों की साप्ताहिक टेजनिंग के उपरान्त माक ड्रिल कराकर प्रषस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर अग्नि शमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेष शासन की योजना के अनुसार प्रत्येक ब्लाक से 100 किषोरों को गैस सिलेण्डर व बिजली से लगने वाली आग को बुझाने की टेजनिंग दी जाए।


प्रमाण पत्र के साथ अग्नि सचेतक व टीचरगण।

इसी आदेष के क्रम में अग्निषमन विभाग प्रषिक्षण प्राप्त करने वालों को आज सम्मानित कर रहा है। इस अवसर पर फायर ब्रिगेड के उप निरीक्षक राधेष्याम दुबे ने अग्नि सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी और इसके बचाव के गुण बताए। इस अवसर पर काव्य पाठ कर अग्नि सचेतकों को उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों के इस प्रयास की तथा अग्निषमन केन्द्र द्वारा उन्हें प्रषिक्षण दिये जाने की सराहना की। इस अवसर पर अग्निषमन स्टेषन के सभी अधिकारी व कर्मचारी तथा प्रमुख लोग उपस्थित रहे। अग्नि सचेतकों के टीचर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। अग्नि शमन के उप निरीक्षक ने कहा कि प्रषिक्षण का कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा।

## सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

### पंडित रामकृष्ण इंटर कालेज में हुआ सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को नगर के अझारा गांव स्थित पं. रामकर्ण मिश्र इण्टर कालेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल करने वाले होनहारों का सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश मिश्र ने विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को अंकपत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक श्री मिश्र ने कहा कि जीवन मे सफलता का लक्ष्य हासिल करने के लिए छात्र- छात्राओं को अध्ययनशील होना चाहिए,साथ ही जीवन में आगे बढ़ना है तो शुरू से ही एक लक्ष्य होना जरूरी होता है। विद्यालय की शिवा वर्मा, सुहानी गुप्ता, शिवम गुप्ता, शिवा सरोज, सानिया बानो, सोनाक्षी राव, आकाश पाल, श्रद्धा सरोज, विनायक सिंह, रूकसार बानो व आयशा बानो को विभिन्न कक्षाओं मे प्रथम स्थान आने पर सम्मानित किया गया। वहीं इन कक्षाओं मे द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियो के चेहरे भी सम्मान पाकर खिले दिखाई दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या आरती पाण्डेय व संचालन धर्मेन्द्र यादव ने किया। इस मौके पर सृजल, ललिता, धीरज व संजीव आदि रहे।



छात्रा को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य व अन्य।

## संदिग्ध दशा में किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में एक किशोरी ने सोमवार की सुबह टीनशेड के पाइप में दुपट्टा बांधकर फांसी के फंदे से झूल गई थोड़ी देर बाद परिजनों ने देखा तो उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस किशोरी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचे ,जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत सरवरपुर गांव के रहने वाले गिरजा शंकर की बेटी छाया यादव (17) इंटरमीडिएट की परीक्षा में पास हुई थी। दो दिन से वह गुमसुम और उलझन में रहती थी। सोमवार की सुबह 8:00 बजे घर पर कोई नहीं था उसी दौरान छाया ने घर के टीन सेड के पाइप में दुपट्टा बात कर अपने गले से बांध लिया और फांसी पर झूल गई थोड़ी देर में तड़प कर उसकी मौत हो गई थोड़ी देर बाद उसकी मां जब वहां पर पहुंची तो उसने उसे देखकर चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया आसपास के लोग आए और किसी तरह उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दिए। कंधई पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले आई जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही किशोरी की मौत के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे हैं।

### कम नंबर पाने पर रहती थी गुमसुम

**पट्टी, प्रतापगढ़।** परिजनों से इस संबंध में बात करने पर बताया कि छाया पढ़ने में औसत दर्जे की छात्रा थी पढ़ाई को लेकर व गंभीर रहती थी लेकिन इंटरमीडिएट में अपेक्षा से कम नंबर पाने पर वह दुखी रहती थी परिजन संभावना जता रहे हैं कि शायद इसी कारण उसने सोमवार की सुबह खुद को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

## रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं: सीएमएस

### विश्व रेडक्रास दिवस पर 11 महादानीयो ने किया रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डॉ0 सुरेश सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ द्वारा करते हुए कहा गया कि रेड क्रॉस सोसाइटी सदैव जनकल्याण का कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं हो सकता रक्तदान से ब्लड बैंक में रक्त को एकत्र किया जाता है ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी इमरजेंसी के समय मरीजों को रक्त देकर उनकी जान बचाने का कार्य किया जा सकता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि रक्तदान महादान है आज जिन महादानीयों ने रक्तदान किया मैं उन महादानीयों का आभार जताते हुए कहा कि आप द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाने में सहायक सिद्ध होगा।



जिला चिकित्सालय में रक्तदान करते लोग।

इस अवसर पर डॉ सबीब हैदर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 सुधाकर सिंह सचिव इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, के0पी0 द्विवेदी जिला मलेरिया अधिकारी, राज शेखर मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, निर्मल पांडे सदस्य इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी प्रतापगढ़ आदि अपने अपने विचार रखें। शिविर में 26 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया तथा 11 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया जिसे ब्लड बैंक में इमरजेंसी मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने हेतु रखवा दिया गया। इस कार्य में ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ यूनिट का विशेष सहयोग रहा।

## गड्ढा मुक्त अभियान के बाद भी लोग जर्जर सड़क पर चलने को मजबूर

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** गड्ढे में तब्दील हो चुकी कानूपुर से कटरा गुलाब सिंह मुख्य सड़क गढ्ढामुक्त अभियान के बाद भी चलने लायक नहीं है और हर रोज होने वाली दुर्घटना का कारण बन रही है। क्षेत्रीय लोगों की तमाम शिकायतों के बाद विभाग की सह पर क्षेत्र के एक कथित ठेकेदार ने सड़क को जेसीबी लगाकर पूरी तरह उखाड़ दिया जिससे सड़क पर बड़े बड़े बोल्डर बिखरे पड़े हैं। राहगीरों के लिए जान लेवा साबित हो रहे है। क्षेत्र वासियों के आरोप है कि यदि सड़क निर्माण के लिए धन निर्गत नही हुआ था तो लोकनिर्माण विभाग की सड़क को जेसीबी से क्षतिग्रस्त क्यों किया गया। जिम्मेदार लोगों की इस लापरवाही से आये दिन लोग गिर कर चोटहिल हो रहे है। शायद लोक निर्माण विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी कई दफे वर्षो से पड़ी क्षतिग्रस्त इस सड़क को बनवाये जाने के लिए जनमानस को भरोसा दिला चुके हैं। एक अरसे से क्षति ग्रस्त कटरा गुलाब सिंह से कानूपुर जेठवारा जाने वाली सड़क से परेशान क्षेत्र के नरेंद्र प्रताप सिंह, पी बी सिंह, सूरज यादव, राजेश यादव, विजय पटेल, राम चन्द्र, फय्याज अली, विनोद पटेल, विमल गुप्ता, अजय गुप्ता, राज कुमार मिश्र, बंशीलाल पटेल सहित दर्जनों लोगो ने जिला अधिकारी से अविलम्ब सड़क बनवाये जाने की मांग किया है।

## अधिवक्ता के पिता के निधन पर साथियों ने जताया दुःख

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर मे सोमवार को अधिवक्ताओ की हुई शोकसभा में साथी अधिवक्ता राजेश्वर यादव के पिता दसाराम यादव (75) की बीमारी के चलते निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी, उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, टीपी यादव, प्रभाकर पाल, अजय शुक्ल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शिवमूर्ति यादव, रामअभिलाष यादव, विकास मिश्र, विभाकर शुक्ल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, अमरनाथ यादव, शिवप्रसाद यादव, हरकेश पटेल, राजेश तिवारी, हरेकृष्ण तिवारी, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, आशीष तिवारी, सुमित त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

## तांत्रिक पर गंभीर आरोप, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर हरिकरन का पुरवा निवासी स्वामीशंकर यादव पुत्र रामधन यादव ने सोमवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे एक तांत्रिक पर बहू के साथ अमर्यादित आचरण का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि वह दिल्ली मे सेना मे नौकरी करता है। इस बीच गांव में एक तांत्रिक आया और कुछ दिनों से जबरिया उसके घर मे रहने लगा। आरोप है कि तांत्रिक देर रात उसकी बहू को लेकर नदी के किनारे श्मशान जाया करता है। आरोप यहां तक है कि पीडित की पत्नी ने एक दिन तांत्रिक को बहू के साथ आपत्तिजनक स्थिति मे देखा भी। पीडित की पत्नी ने तांत्रिक को फटकार लगाते हुए जब घर से जाने को कहा तो तांत्रिक व आरोपी बहू ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट भी की। पुलिस का कहना है तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जोगापुर की काशीराम कालोनी की एक सप्ताह से हो रही सफाई

### 20 कर्मचारी, जेसीबी, ट्रैक्टर व नाली क्लीनिंग मशीन से हो रही सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के कांषीराम कालोनी को वर्षा के पूर्व साफ-सुथरा करने का लक्ष्य नगर पालिका द्वारा रखा गया है। विगत एक सप्ताह से जोगापुर स्थित कांषीराम कालोनी में सफाई की जा रही है। सफाई के बाद वहां रोज एंटी लार्वा का छिड़काव भी किया जा रहा है।

पूछने पर यह भी बताया गया कि अभी तक एक सप्ताह तक कांषीराम में ऐसी सफाई चलती रहेगी। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष


जोगापुर कांशीराम कालोनी में दवा का छिड़काव करते सफाई कर्मी।

कुमार सिंह ने बताया कि ईओ नगर पालिका राम अचल कुरील के निर्देषन में जोगापुर में 20 कर्मचारी, जेसीबी, ट्रैक्टर, डंफर व नाला क्लीनिंग मषीन लगाई गई है। रोज सफाई के बाद एंटी लार्वा का छिड़काव होता है जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो। यह भी बताया गया कि सप्ताह में एक बार फागिंग भी हर वार्ड में कराई जाती है। बता दें कि विस्तारित क्षेत्र जोगापुर में कांषीराम कालोनी की नालियां जाम थी तथा कूड़ा-कचरा आसपास भरा था, जिस पर नगर पालिका ने यहां विषेष अभियान चलाया है जो एक सप्ताह तक और चलेगा।

## धोखधडी के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कोतवाली नगर के निरीक्षक रामवृक्ष यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना कोतवाली नगर के मु0अ0सं0 868/20 धारा 413, 414, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि में वांछित अभियुक्त सचिन वर्मा पुत्र स्व0 राधे उर्फ राधेश्याम वर्मा नि0ग्राम लखनपुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र सांगीपुर के ग्राम लाखीपुर से गिरफ्तार किया गया।

## कुण्डा में मिले नरकंकाल के अंदर मिली गोली, पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुंडा कस्बे के रजनपुर बाईपास कूड़ाघर के पास दो दिन पहले ट्रैक सूट में नरकंकाल सिर मिला था। नरकंकाल सिर को कुत्ते नोचकर खा रहे थे तभी आसपास के लोगों की नजर पड़ी और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने नर कंकाल सिर को कब्जे में लेकर छानबीन करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार नरकंकाल सिर में पिस्टल की बुलेट फंसी मिली हैं। दूसरी तरफ पुलिस महीनों पहले गायब जमेठी के शिक्षामित्र पवन सिंह का नरकंकाल सिर की आशंका जता रही हैं। नरकंकाल सिर मिलने के बाद गायब शिक्षामित्र के परिवार वालों ने कुंडा पुलिस से किए थे संपर्क और मौके पर पहुंचकर नरकंकाल सिर को पहचानने की कोशिश की थी। अब कुंडा पुलिस गायब शिक्षामित्र के परिवार वालों का डीएनए सैंपल लेकर जांच के लिए भेजेगी और नरकंकाल सिर के डीएनए से मैच करेगी। हालांकि कुंडा पुलिस ने इस पूरे मामले में खुलकर अभी नहीं कहा है पुलिस ने बताया शिक्षामित्र के परिवार वालों के डीएनए सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्यवाही करेंगे।

## बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार, संस्कार एवं संस्कृति पर दी गई जागरूकता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर स्थित हनुमान मंदिर में रविवार की शाम इक्कीस बटुकों का उपनयन संस्कार सोल्लास सम्पन्न हुआ। श्री अम्बिका संस्कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय हनुमानगंज के तत्वाधान में संस्कृत आचार्यो ने धार्मिक संस्कार के तहत बटुकों का यज्ञोपवीत वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य सम्पन्न कराया। वहीं कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं संयोजक शिवधर पाण्डेय ने प्रयागराज मण्डल के संस्कृत पाठशालाओं के उपनिरीक्षक रवीन्द्र सिंह तथा पं. इन्द्र नारायण शुक्ल व संस्कृत विद्वान आचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय का संस्कृत भाषा गौरवम् सम्मान से अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय ने सनातन संस्कृति में युवाओं को संस्कारों के प्रति जागरूकता की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं रवीन्द्र सिंह ने संस्कृत भाषा के उन्नयन पर जोर दिया। अध्यक्षता करते हुए पं. इन्द्र नारायण शुक्ल ने युवा पीढ़ी को चरित्रवान बनाए रखने के लिए प्रबुद्ध वर्ग से प्रभावी योगदान का आहवान किया। कार्यक्रम में हारित पाण्डेय, नीरज कुमार तिवारी, कुलदीप मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, उमाशंकर शुक्ल, देवकांत त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर महर्षि पाण्डेय, वैभव पाण्डेय, रूद्रधर त्रिपाठी, सम्भव आदि रहे। संयोजक प्रधानाचार्य शिवधर पाण्डेय ने आभार प्रदर्शन किया।

## नकाबपोश बदमाशों ने सराफा ब्यापारी से लाखों के जेवरात व नगदी लूटा

### चार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, पुलिस खंगालने मे जुटी सीसीटीवी फुटेज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस से बेखौफ बदमाशों ने जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुन्ना का पुरवा वार्ड के पास रविवार की देर शाम लगभग साढ़े सात बजे थाना क्षेत्र के गोतनी गांव निवासी सरयू प्रसाद निषाद पुत्र स्व0 राजाराम निषाद अपनी सरार्फे की दुकान मानिकपुर नगर पंचायत से बन्द करके बाइक से अपने लड़के के साथ घर गोतनी गांव जा रहे थे कि अचानक मानिकपुर थाना के एक किलोमीटर की दूरी पर मुन्ना का पुरवा गांव के पास अपाची व स्पेलेंडर बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने ओवरटेक करके ब्यापारी सरयू प्रसाद को रोक लिया और पिस्टल सटाकर नगदी व सोने व चांदी से भरे बैग को मारपीट करके लूट लिया।

मारपीट के दौरान बदमाशों ने सरयू प्रसाद की बाइक की चाभी को सड़क पर फेक कर मानिकपुर की तरफ भागकर फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही मानिकपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडेय मौके पर पहुँचे और घटना की पूछताछ करते हुए मामले की जानकारी कुंडा सीओ अजीत कुमार सिंह को दी मामला ब्यापारी की लूट का होने के कारण मौके पर पहुँचे और ब्यापारी से पूछ ताछ किया ब्यापारी के मुताबिक बैग मे 22 हजार रुपये नगदी व लगभग 5 लाख रु0 कीमत के सोने चांदी के आभूषण रखे थे पुलिस आस पास व दुकान के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है जिससे बदमाशों की पहचान हो सके घटना की जानकारी मिलते ही ब्यापारी लोग भी मौके पर पहुंच गये और पुलिस प्रशासन से घटना की जल्द खुलासा करने की बात कही जिस पर सीओ कुंडा व मानिकपुर प्रभारी ने ब्यापारियों को आश्वासन दिया। बता दें कि नकाबपोश बदमाशों ने जिस प्रकार बेखौफ होकर मानिकपुर पुलिस की नाक के नीचे घटना को अंजाम दिया और पुलिस को खबर तक नही लगी, जब कि घटना स्थल से थाने की दूरी लगभग एक किलोमीटर है जब कि पिकेट पुलिस की डियूटी भी लगी रहती है, फिर भी पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी।

### दुष्कर्म के अभियोग में वांछित बाल अपचारी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कन्धई के धानाध्यक्ष उ0नि0 धीरेन्द्र ठाकुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना कन्धई के मु0अ0सं0 136/23 धारा 376, 342, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त बालअपचारी को थानाक्षेत्र के ताला बाजार कन्धई मार्ग तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# कौशाम्बी संदेश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज, मंगलवार
09. 05. 2023




# औलाद ना होने पर विवाहिता को पिलाया जहर हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में विवाहिता को औलाद ना होने पर ससुराली जनों ने विवाहिता को जहरीला पदार्थ पिला कर कमरे में बंद कर दियाएविवाहिता ने फोन पर अपने परिजनों को जानकारी दीएसूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने विवाहिता को गंभीर हालत में नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया एजहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गईएवही घटना के बाद विवाहिता के ससुरालीजन मौके से फरार हो गएएमृतका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है ।



घटना क्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के जफरपुर के रहने वाले गौस अहमद ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने अपनी बहन शालिया बेगम

## शादी के 15 साल बाद भी महिला को नही हुए बच्चे तो ससुरालियों ने महिला को खिला दिया जहरएमहिला की हुई मौत पुलिस जांच में जुटी

की शादी कड़ा धाम थाना क्षेत्र के निजाम मई का पूरा गांव के फिरोज अहमद पुत्र जगन के साथ 15 साल पहले की थीएउन्होंने बताया की उनकी बहन को बच्चा नहीं होने पर आए दिन विवाद करते थेएजिसके चलते रविवार की रात फिर से विवाद हुआ और उसकी बहन ने उन्हें फोन पर इसकी जानकारी दी कि उसके ससुराल वालो ने उसे जहर खिला दिया हैएजिसके बाद जब वह पहुंचे तो गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले गए जहा उनकी बहन की मौत हो गई। वही इस मामले में एएसपी समर बहादुर सिंह ने बताया कि एक महिला की जहर खाकर मौत हुई हैएपरिजन उसे जहर खिलाकर मारने का आरोप लगा रहे हैएमामला दर्ज कर लिया गया हैएशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैएजांच की जा रही हैएजांच के आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

## रेल कर्मचारियों की मनमानी और क्रासिंग पर बेतरतीब खड़े वाहनों से लगता है भरवारी रेलवे क्रासिंग पर जाम

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में रेलवे क्रासिंग पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।जाम के चलते राहगीर और स्कूली बच्चे घंटो फंसे रहते है जिससे जहा एक ओर लोगो को समस्या का सामना करना पड़ता है वही स्कूली बच्चे धूप में घंटो बस के अंदर फंसे रहते है। भरवारी रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से सभी परेशान हैएकई बार रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस जाम को खुलवाती है लेकिन जाम की स्थिति बनी रहती है।लोगो का कहना है की रेलवे क्रॉसिंग को केबिन मैन बहुत देर बाद और कभी कभी घंटे भर बाद खोलता है जिससे जाम लगता हैएवही वाहन क्रासिंग पर बेतरतीब तरीके से खड़े हो जाते है जिससे जाम की स्थिति भयावह हो जाती है।यदि ट्रेन निकल जाने के बाद क्रासिंग को खोल दिया जाए तो लोग और वाहन जल्द निकल जाए और जाम न लगे

# मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन.2023 को निष्पक्षए शान्तिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की उपस्थिति में एन0आई0सी0 में मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया।

बतादें कि जनपद में 192 टेबलों पर सभी नगर निकायों की मतगणना की जायेंगी। नगर पालिका मंझनपुर के अध्यक्ष पद की मतगणना 14 टेबल एवं सदस्य पद की मतगणना 14 टेबल पर की जायेंगी। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद भरवारी के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 14.14 टेबल पर की जायेंगी। नगर पंचायत चायल के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 05.05 टेबलए नगर पंचायत सराय अकिल के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10.10 टेबलए नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 09.09 टेबलए नगर पंचायत करारी के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10.10 टेबलए नगर पंचायत पूरब.पश्चिम शरीरा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10.10 टेबलए नगर पंचायत अझुवा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 07.07 टेबलए नगर पंचायत सिराथू के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 07.07 टेबल तथा नगर पंचायत दारानगर.कड़ाधाम के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10.10 टेबल पर की जायेंगी। मतगणना में कुल 1170 कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। मतगणना कार्मिकों को दिनांक 10 मई 2023 को नवीन मण्डी समितिए ओसा में 02 पालियों.प्रथम पाली.पूर्वान्ह 10 बजे से 12 तक तथा द्वितीय पाली 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया जायेंगा।

## परीक्षा केंद्र में बैठे छात्रों से की जाती है जबरन अवैध वसूली

**कौशाम्बी।** योगी सरकार सत्ता में आने के बाद नकल माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए लगातार शिकंजा कस रही है। नकल कराने वाले विद्यालय पर सख्त रवैया अपनाए जाने का आदेश भी संबंधित अधिकारी को योगी सरकार ने दे रखा है लेकिन उसके बावजूद कुछ परीक्षा केंद्रों पर नकल माफियाओं का जलवा बरकरार है। परीक्षा केंद्र में बैठे छात्रों से नकल माफिया बेलगाम होकर जबरन अवैध वसूली करते हैं। हाई स्कूल एवं इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद बीए एवं बीएससी के छात्रों की परीक्षा शुरू हो गई है। कुछ परीक्षा केंद्र पर छात्रों से 2000 से 3000 रुपए सुविधा शुल्क के नाम पर जबरन अवैध वसूली की जा रही है। अवैध वसूली की रकम न देने वाले छात्रों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। सिराथू तहसील क्षेत्र के भगवती प्रसाद दौलत राम महाविधालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त महाविधालय के छात्रों ने बताया कि उनसे 2000 से 3000 हजार रुपए की जबरन अवैध वसूली की जाती है। वसूली की रकम न देने पर उनके साथ अभद्र व सौतेला व्यवहार किया जाता है।

# क्षेत्राधिकारी सिराथू ने किया स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण

## मत पेटिका की सुरक्षा में लगे जवानों को सीओ सिराथू ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** 4 मई के दिन नगर निकाय का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ हैए 13 मई को इसकी मतगणना होना है। चुनाव संपन्न होने के बाद मत पेटिका सैनी कोतवाली क्षेत्र के बाबू सिंह डिग्री कालेज सायरा में कड़ी सुरक्षा घेरे में रखी गई है।

किसी अराजकतत्व के द्वारा मत पेटिका में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न की जाए इसलिए बेहद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। मत पेटिका की सुरक्षा के लिए पुलिस बल के जवान दिन . रात निगरानी में लगाए गए हैं। मत पेटिका की सुरक्षा व्यवस्था का समय . समय पर निरीक्षण किए जाने का आदेश उच्चाधिकारियों ने अधिनस्थ अधिकारियों को दे रखे हैं। इसी क्रम में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे जवानों की ड्यूटी को चेक करने के साथ वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात जवानों को बेहद सचेत रहने के साथ . साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जनपदवासी पोर्टल पर पंजीकरण कर बनायें फैमिली आईडी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा उ0प्र0 में निवास करने वाले सभी परिवारों के लिए फैमिली आईडी.एक परिवारए एक पहचान योजना प्रारम्भ की गयी है। जनपद कौशाम्बी में निवास करने वाले सभी परिवारों के लिए फैमिली आईडी बनाया जाना है। जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है। जनपद के ऐसे परिवार जो राशन कार्ड के पात्र नहीं हैंए वे फैमिली आईडी पोर्टल पर आवेदन कर फैमिली आईडी बनवा सकतें हैं ।

फैमिली आईडी का उद्देश्य भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फैमिली आईडी से सहूलियत होगी। फैमिली आईडी न होने के कारण सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता हैं। पात्र लाभार्थियों को शत.प्रतिशत आच्छादित करनाए डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटानाए छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचानए सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण एवं लाभों के लक्षित वितरण के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना हैं।

फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए 12 अंको की एक विशिष्ट पहचान संख्या हैए जिसमें परिवार के सदस्यों का विवरण दिया होगा। फैमिली आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने तथा लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए केन्द्रीय भण्डार के रूप में कार्य करेंगी।

आवेदक अपना पंजीकरण फैमिली आईडी पोर्टल पर कर सकतें हैं। आवेदन अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर के माध्यम से मोबाइल ओ0टी0पी0 तथा कैप्चा का उपयोग कर पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण करेंगे। यदि परिवार के पास पूर्व में राशन कार्ड उपलब्ध है तो फैमिली आईडी पोर्टल पर आधार नम्बर के साथ लॉगिन करने पर यह मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आईडी उपलब्ध है। आवेदक दिये गये टैब पर क्लिक कर अपना फैमिली आईडी प्रिन्टध्डाउनलोड कर सकतें हैं। यदि परिवार के पास राशनकार्ड उपलब्ध नहीं है तो फैमिली आईडी पोर्टल पर आवेदक द्वारा मोबाइल नम्बर एवं आधार संख्या दर्ज करने पर मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं हैए आवेदक द्वारा उसके पश्चात अपने परिवार का रजिस्ट्रेशन किया जायेंगा। पंजीकरण के पश्चात लेखपाल एवं सचिवए ग्राम पंचायत द्वारा सत्यापन किया जायेंगा।अपर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आवाह्न किया है कि जिन परिवारों ने अभी तक फैमिली आईडी के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है वे ऑनलाइन आवेदन कर फैमिली आईडी अवश्य बनवा लें।

## बड़े धूमधाम राधाकृष्ण एवम हनुमत निकेतन मंदिर में मनाया गया प्रथम स्थापना दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**मनौरी कौशांबी।** सुलेम सराय प्रयागराज में स्थिति राधाकृष्ण एवम हनुमत निकेतन मंदिर में आज बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया एइस शुभ अवसर पर मंदिर में संगीत भजन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया जिसमे तमाम महिला पुरुष भक्त गण उपस्थित रहे ! जवाहर लाल केसरवानी व मेवालाल केशवानी निवासी सुलेम सराय प्रयागराज ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण हमारे पूर्वज स्व0 रिक्खी लाल केसरवानी ने करवाया था और इस मंदिर का पुनर्निर्माण गत 8 मई को हम सब रिक्खी लाल केशरवानी के परिवारीगण ने कराया है एलोगो का कहना है जो भी भक्त इस मंदिर में आता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

# डामर सड़क को बना दिया वाहन का पार्किंग स्थल

## एजेंसी मालिकों की मनमानी के आगे थाना पुलिस से लेकर एआरटीओ तक बने तमाशबीन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कानून का पाठ पढ़ाने की बात करने वाले सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी और थाना पुलिस एक एजेंसी चालक को बीते 8 वर्षों के बीच में कानून का पाठ नहीं पढ़ा सके है।

एजेंसी चालक की मनमानी और तानाशाही के चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं भरवारी कस्बे से महेवा घाट को जाने वाली मुख्य सड़क पर हीरो बाइक एजेंसी ने डामर सड़क को अपनी जागीर समझ कर पार्किंग स्थल बना दिया है और पूरे दिन सड़क पर एजेंसी संचालक के कई बड़े वाहन ट्रेलर



खड़े दिखाई पड़ते हैं उसी रास्ते से थाना पुलिस और एआरटीओ का प्रतिदिन आना जाना है लेकिन उसके बाद भी एजेंसी संचालक द्वारा डामर सड़क पर खड़े किए गए वाहनों का चालान और कार्रवाई थाना पुलिस से लेकर एआरटीओ नहीं कर सके है जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं

कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के बाबा चौराहे के पास डामर सड़क पर हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी की कई बड़ी ट्रेलर डामर सड़क पर पूरे दिन खड़ी रहती हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं आखिर बीच सड़क को बाइक कंपनी के मालिक ने वाहन पार्किंग कैसे बना दिया है वर्षों से सड़क पर वाहन खड़े होने के मामले को लेकर अभी तक परिवहन विभाग से लेकर थाना पुलिस ने डामर सड़क पर पूरे दिन अवैध तरीके से खड़े रहने वाले ट्रेलर वाहन को सीज कर कार्रवाई नहीं की है

# विवादित जमीन का एसडीएम व थाना प्रभारी के प्रयास से हुआ निपटारा

## दो वर्ष से पडोसी से परेशान उस्मान के चेहरे में आयी मुस्कान

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील के कोखराज थाना के ग्राम पंचायत मलाक भायल के चाकवन चौराहे के संदीपन रोड पर स्थित घाटा संख्या 115 जमीन जिसका हक बन्दी का मुकदमा चल रहा था उस्मान अहमद पुत्र नजीर उद्दीन का अपने पडोसी से अपनी जमीन नापकर बनाने में विवाद दो वर्ष पहले शुरू हो गया कई बार नाप कराने के बाद पडोसी मानने को तैयार नहीं था आज पुनः फिर नाप हो रही थी जिस पर सिराथू एस डी एम मनीष यादव व थाना प्रभारी कोखराज विनोद मौर्या ने बड़े अथक प्रयास से कानून गो अनिल अग्रहरि के सहयोग से जमीन का नाप करा कर तत्काल जेसीबी बुलाकर जमीन



चिन्हित कर नीव खुदवा कर जमीन का निस्तारण किया जिससे जमीन मालिक के चेहरे पर मुस्कान व कानून के प्रति श्रद्धा बढी।

# वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्ता ननकी देवी पत्नी चन्दीलाल रैदास निवासी म्योहरिया थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है।

# चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 134 वाहनों का ई.चालान किया गया तथा दो वाहन से 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से चार कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त प्रभु पासी पुत्र शिवलाल पासी निवासी तिल्हापुर थाना सराय अकिल को तिल्हापुर नहर पुलिया के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# क्षेत्राधिकारी ने किया स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात सभी मतपेटियों को जिला प्रशासन ने स्ट्रांगरूम में रखवा दिया है और कडी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा नगर निकाय निवार्चन मतदान के उपरांत बाबू सिंह डिग्री कालेज सिराथू में मत पेटिकाओ की सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांगरूम का निरीक्षण किया निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदान समाप्ति उपरांत नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित जमा करा दिया गया थाए जिसके उपरांत मत पेटियों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है इसके दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को निर्देश के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान की।

# घर जाते समय वरिष्ठ अधिवक्ता की कार में ट्रक ने मारी टक्कर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** घर जाते समय चायल तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत मिश्रा की कार में ट्रक ने टक्कर मार दिया है। ट्रक की टक्कर से अधिवक्ता बाल . बाल बच गए लेकिन उनकी कार छतिग्रस्त हो गई है। यह खबर सुनकर चायल तहसील के दर्जनों अधिवक्ता घटनास्थल पर पहुंच गए। उमाकांत मिश्रा चायल तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। प्रतिदिन वह प्रयागराज से चायल तहसील आकर वकालत करते हैं। उमाकांत मिश्रा वकालत



करने के बाद चायल तहसील से प्रयागराज स्थित घर जा रहे थे। तेवारा की तरफ से आ रही ट्रक ने अधिवक्ता की कार में टक्कर मार दिया जिससे उनकी कार छतिग्रस्त हो गई हालांकि वह बाल . बाल बच गए।

# पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जनसुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की



समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्कालए निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय.समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये ।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ितध्शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न होए साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# धूमधाम के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

## बेरौचा गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**कौशाम्बी।** बेरौचा गांव में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गाजे . बाजे के साथ किया गया। इस दौरान 108 कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर भक्तगणों के जयकारों से पूरा वायुमंडल गूंज उठा। इसी के साथ सात दिन तक चलने वाले इस भक्तिमय आयोजन का शुभारम्भ हुआ। बेरौचा गांव में सोमवार को पुरोहित लालता प्रसाद त्रिपाठी के मंत्रोच्चार के बीच श्रीमद भागवत कथा के लिये कलश यात्रा निकाली गई।

धूम . धाम के साथ निकली कलश यात्रा में भक्तगण जयप्रकाश त्रिपाठीए केशचन्द्र त्रिपाठीए मुकेश त्रिपाठीए दिनेश मिश्राए देवेन्द्र एवं राजू त्रिपाठी सहित आदि भक्तगण बेरौचा गांव में भ्रमण करने के बाद कथा पंडाल व यज्ञ मंडप में आकर समाप्त हुई। कलश पूजन के बाद



श्रीमद् भागवत कथा का आरम्भ हो गया। श्रीमद्भागवत कथा का रसपान वृन्दावन से आये आचार्य ओमप्रकाश मिश्रा जी महाराज कराएंगे। कथा प्रतिदिन सायंकाल 2 बजे से रात 6 बजे तक चलेगी। कलश यात्रा में मुख्य यजमान लालता त्रिपाठी, मन्नू त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी, आदि लोग लोग हैं।

## जन संपादकीय

## कश्मीर से केरल तक एक ही स्टोरी

**आतंकवाद** की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म द केरला स्टोरी अपने प्रदर्शन के शुरूआती दिनों में ही जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन रोजाना करोड़ों में हो रहा है। इस फिल्म से जुड़े सभी लोगों के लिए मुनाफा है, लेकिन देश को इस फिल्म से और इस फिल्म के जरिए जो माहौल बनाने की कोशिश की गई है, उससे घाटा हो रहा है। फिल्म में 3 लड़कियों की कहानी दिखाई गई है, जिन्हें बहला-फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन किया जाता है और फिर आतंकी संगठन आईएसआईएस में उन्हें भर्ती किया जाता है। दुनिया में इस तरह की घटनाएं बहुत होती हैं। आतंकी संगठनों में शामिल करने के लिए लोगों का ब्रेन वॉश किया ही जाता है, क्योंकि कोई भी सामान्य समझ रखने वाला इंसान धर्म के नाम पर दूसरे की जान लेने या आतंक फैलाने के लिए तैयार नहीं होगा। उसे धर्मांध बनाकर ही आतंकवाद के कुत्सित इरादे सफल हो सकते हैं। धर्म परिवर्तन और आतंकवाद के इसी संबंध को दिखाकर, उसे केरल की पृष्ठभूमि से जोड़कर फिल्म बना दी गई और नाम रख दिया द केरला स्टोरी। नाम से एकबारगी धारणा यह बनती है कि यह पूरे केरल की कहानी है। इस फिल्म को बनाने के पीछे असली मकसद क्या है, क्या इससे आतंकवाद के खिलाफ कोई संदेश देना है या फिर हिंदू-मुस्लिम के बीच संदेह का वातावरण कायम करना है या ये बताना है कि केरल में हिंदू लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, ये स्पष्ट नहीं है। लेकिन इतना तय है कि देश के चुनावी माहौल में राजनैतिक मकसद पूरा करने के लिए यह फिल्म बढ़िया जरिया बन गई है। फिल्म को हिट होना ही था, तो क्योंकि भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव प्रचार करते हुए फिल्म का प्रचार भी कर दिया। उन्होंने कर्नाटक की एक रैली में इस फिल्म के बारे में कहा कि फिल्म आतंकी साजिश पर आधारित है और आतंकवाद के बदसूरत सच को दिखाती है। कांग्रेस आतंकवाद पर बनी फिल्म का विरोध कर रही है और आतंकवाद के साथ खड़ी है।

कांग्रेस वोट बैंक के लिए आतंकवाद का बचाव कर रही है। प्रधानमंत्री ने यह फिल्म शायद नहीं देखी होगी, क्योंकि देखी होती तो अब तक उसकी खबर भी आ जाती। वैसे भी चुनाव प्रचार की व्यस्तता में उन्हें फिल्म देखने का अवकाश नहीं मिला होगा। तो यह माना जा सकता है कि शायद फिल्म के ट्रेलर को देखकर उन्हें इस की कहानी के बारे में पता चला होगा। लेकिन ट्रेलर में जो कुछ दिखाया गया है, वह भी काल्पनिक है। फिल्म के टीजर में दावा किया गया था कि केरल की 32,000 से अधिक महिलाओं को आईएसआईएस में भर्ती किया गया था। इस आंकड़े पर सवाल उठे, आरोप लगे कि केरल को इस्लामी आतंकवाद के रूप में चित्रित करने की साजिश है, अदालत में फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की गई, तो अब निमार्ताओं ने हाईकोर्ट में कहा है कि वे इस भ्रामक दावे को सोशल मीडिया से हटा देंगे। जब आंकड़ों को लेकर संदेह था तो उसे टीजर में इस तरह क्यों दिखाया गया, मानो वही कड़वी सच्चाई है। और क्यों देश के प्रधानमंत्री चुनाव जैसे गंभीर अवसर पर एक ऐसी फिल्म का जिक्र कर रहे हैं, जिसमें सच और झूठ का घालमेल है। श्री मोदी ने इस फिल्म के आधार पर आतंकवाद जैसे गंभीर मसले पर कांग्रेस की सोच को लेकर सवाल खड़े किए। प्रधानमंत्री से पूछा जाना चाहिए कि क्या आतंकवाद को लेकर कोई भी लड़ाई इतनी हल्की हो सकती है कि उसकी दिशा कोई फिल्म तय करे। केरल में आतंकवाद के लिए धर्मांतरण की समस्या अगर है तो इसका खुलासा राष्ट्रीय जांच एजेंसी और खुफिया एजेंसियों से होना चाहिए या कोई फिल्म इस बारे में जानकारी देगी और सरकार उस मुताबिक काम करेगी। कांग्रेस ने फिल्म में आतंकवाद और धर्मांतरण के मुद्दे के ट्रीटमेंट का विरोध किया है, क्योंकि इससे केरल की छवि खराब हो रही है। लेकिन मोदीजी ने फिल्म के विरोध को आतंकवाद के साथ खड़े होने के बराबर कर दिया। ऐसा नहीं है कि पहली बार आतंकवाद की पृष्ठभूमि पर कोई फिल्म बनी हो। द्रोहकाल, माचिस, मिशन कश्मीर ऐसी न जाने कितनी फिल्में आतंकवाद की पृष्ठभूमि पर बनी हैं। लेकिन द केरला स्टोरी के जरिए कोई और ही नैरेटिव सेट करने की कोशिश दिखाई दी। ऐसी ही कोशिश कश्मीर फाइल्स में भी दिखी। उस फिल्म का भी खूब प्रचार भाजपा ने किया। कई राज्यों में फिल्म टैक्स फ्री की गई। भाजपा के बड़े नेताओं ने पूरे प्रचार के साथ इस फिल्म को देखा। जब गोवा फिल्म फेस्टिवल में इफ्फी के जूरी सदस्य नदाव लापिड ने इसे भ्रामक प्रचार करार दिया, तो उस पर खूब बवाल भी मचा। तब जूरी के एक अन्य सदस्य सुदीप्तो सेन ने लापिड के बयान से किनारा कर लिया था। अब उन्हीं सुदीप्तो सेन ने द केरला स्टोरी को निर्देशित किया है।

कश्मीर फाइल्स से लेकर केरला स्टोरी तक यही माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है कि भारत में हिंदू असुरक्षित हैं, वे आतंकवाद का शिकार हैं, जो इस्लाम से संबंधित है। संदेह का यही वातावरण चुनावों के वक्त भी बनाया जाता है, ताकि धर्म की रक्षा के नाम पर लोग भाजपा को वोट दे। केरल में भाजपा लाख कोशिश के बावजूद सरकार नहीं बना पाई है। बल्कि ई.श्रीधरन जैसे सम्मानित व्यक्ति को भी भाजपा की राजनीति के कारण केरल की जनता ने नकार दिया। इस छोटे से प्रगतिशील राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन आदि में नयी ऊंचाइयां छुई हैं। यहां वामदलों के अलावा कांग्रेस का जनाधार है। राहुल गांधी को केरल के वायनाड से ही लोकसभा में जीत मिली थी। हिंदू, मुस्लिम, ईसाई सभी यहां अमन चैन से रहते हैं। लेकिन अब उसे एक बेबुनियाद डर दिखाकर खत्म किया जा रहा है।

# 'द केरल स्टोरी' : फिल्म बनी दुष्प्रचार का हथियार

**राम पुनियानी**

**केरला** स्टोरी, फिल्म द कश्मीर फाईल्स (केएफ) की तर्ज पर बनाई गई हैं, जिसमें अर्धसत्य दिखाए गए हैं और मुख्य मुद्दों को परे रखकर नफरत फैलाने और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। केएफ को गोवा में आयोजित 53वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह की जूरी के प्रमुख ने प्रचार फिल्म बताया था। केरल का नाम सुनते ही हमारे मन में उभरता है एक ऐसा राज्य जहां शांति और सद्भाव का राज है, जहां निरक्षरता का निर्मूलन हो चुका है, जहां शिक्षा एवं स्वास्थ्य सूचकांक बहुत अच्छे हैं, और जहां कोविड-19 महामारी का मुकाबला सर्वोत्तम तरीके से किया गया। हमें यह भी याद आता है कि राज्य में ईसाई धर्म का आगमन सन्‌ 52 ईस्वी में संत सेबेस्टियन के जरिए हुआ और सातवीं सदी में इस्लाम यहां अरब व्यापारियों के माध्यम से आया। इस सबके विपरीत फिल्म 'द केरला स्टोरी' (टीकेएस) का टीजर और प्रोमो इसे एक ऐसे राज्य के रूप में दशार्ते हैं जहां लोगों को मुसलमान बनाया जा रहा है, हिन्दू लड़कियों व महिलाओं को जबरदस्ती इस्लामिक स्टेट में विभिन्न भूमिकाएं निभाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और उन्हें सीरिया, लेबनान आदि भेजा जा रहा है।

केरला स्टोरी, फिल्म द कश्मीर फाईल्स (केएफ) की तर्ज पर बनाई गई हैं, जिसमें अर्धसत्य दिखाए गए हैं और मुख्य मुद्दों को परे रखकर नफरत फैलाने और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। केएफ को गोवा में आयोजित 53वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह की जूरी के प्रमुख ने प्रचार फिल्म बताया था। जूरी के एक अन्य सदस्य ने इस फिल्म को अश्लील कहा था। टीकेएस 5 मई को रिलीज होगी। इसका टीजर पिछले साल 2 नवंबर को जारी हुआ था और इसका ट्रेलर 27 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। इन्हें देखकर इस बात का साफ संकेत मिलता है कि फिल्म




में अर्धसत्य दिखाए गए हैं और बिना पर्याप्त शोध के धर्मपरिवर्तन, इस्लामिक स्टेट में लड़ाकों की भर्ती, ईराक पर अमेरिका के हमले के बाद उभरे आतंकी संगठनों और पश्चिम एशिया के तेल उत्पादक इलाकों में रूस को पैर न जमाने देने के लिए अमेरिका द्वारा कट्टरपंथी इस्लामिक समूहों को प्रोत्साहन दिए जाने आदि मुद्दों को उठाया गया है।

टीकेएस में दावा किया गया है कि आईएस द्वारा 32,000 हिन्दू लड़कियों का धर्मपरिवर्तन करवाया गया है। कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि इस आंकड़े का स्त्रोत संदिग्ध है। आदिल रशीद द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेन्स स्टडीज एंड एनालेसिस (आईडीएसए) के लिए तैयार किए गए एक शोधपत्र 'वाय फ्यूअर इंडियन्स हैव ज्वाइंड आईएसआईएस' के अनुसार "दुनिया भर से लगभग 40,000 लोग आईएसआईएस में शामिल हुए हैं। भारत से सौ से भी कम लोग आईएसआईएस के प्रभाव वाले सीरिया और अफगानिस्तान के इलाकों में गए और लगभग 155 को आईएसआईएस से उनके संबंधों के कारण गिरफ्तार किया गया। वर्ल्ड पाप्युलेशन रिव्यू के दुनिया भर से आईएसआईएस में हुई भर्ती संबंधी आकड़ों से पता चलता है कि जिन देशों से बड़ी संख्या में लोग आईएसआईएस में शामिल हुए वे हैं ईराक, अफगानिस्तान, रूस, ट्यूनिशिया, जार्डन, सउदी अरब, तुर्की एवं फ्रांस आदि। सबसे अधिक भर्तियां मध्यपूर्व से हुईं और उसके बाद यूरोप से। आईएसआईएस में शामिल हुए भारतीयों की संख्या बहुत कम है। केरल की धर्मांतरित महिलाओं के आईएसआईएस में शामिल होने संबंधी दावे कोरी बकवास हैं"। इस फिल्म के निमार्ता अपने आपको सत्यवादी सिद्ध करने पर इस कदर आमादा हैं कि उन्होंने यह दावा किया है कि फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित है। वे एक लड़की की कहानी सुनाते हैं जिसे अहसास हो गया है कि उसे फंसा लिया गया है वह अब अफगानिस्तान की एक जेल में है। उस लड़की का दावा है कि कई और लड़कियां उसी की जैसी स्थिति में हैं। मात्र इस आधार पर फिल्मकार दावा करते हैं कि उनके पास कई लड़कियों के बयान हैं और इस आधार पर वे 32,000 की संख्या तक पहुंच गए।

केरल में धर्मांतरण की स्थिति पर कई अलग-अलग बातें कही गईं हैं। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओम्मन चांडी ने राज्य विधानसभा में सन्‌ 2006 से लेकर 2012 तक के धर्मांतरण संबंधी विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत किए थे। उन्होंने बताया था कि "सन्‌ 2006 से लेकर 2012 तक कुल 7,713 व्यक्तियों ने धर्मपरिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण किया जबकि 2,803 धर्म परिवर्तित कर हिन्दू बन गए।" यह दिलचस्प है कि उन्होंने कहा कि ईसाई धर्म ग्रहण करने वालों के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि "जिन लोगों ने 2009-12 के बीच इस्लाम अपनाया उनमें से 2,667 युवा महिलाएं थीं जिनमें से 2,195 हिन्दू और 492 ईसाई थीं।" उन्होंने कहा कि किसी का भी जबरदस्ती धर्म परिवर्तन नहीं हुआ है। लव जिहाद (हिन्दू लड़कियों को मुसलमान बनाना) के नाम पर जुनून पैदा करने का काम केरल से शुरू हुआ था। हम सब जानते हैं कि साम्प्रदायिक ताकतों को अपनी जड़ें जमाने के लिए विघटनकारी और भावनात्मक मुद्दों की सख्त जरूरत होती है। अब चूंकि केरल में राम मंदिर और पवित्र गाय जैसे मुद्दों पर लोगों को भड़काना संभव नहीं था इसलिए झूठ और अर्धसत्यों को अनेक तरीकों से समाज में फैलाने में माहिर तंत्र ने लव जिहाद की काल्पनिक कथा गढ़ ली। चांडी ने यह भी कहा था, "हम जबरदस्ती धर्म परिवर्तन नहीं होने देंगे और ना ही हम लव जिहाद के नाम पर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के अभियान को चलने देंगे"। राज्य के विभिन्न शहरों के पुलिस आयुक्तों द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि हिन्दू और ईसाई लड़कियों को बहला-फुसलाकर मुसलमान बनाने का कोई संगठित और सुनियोजित प्रयास नहीं हो रहा है। परंतु भाजपा ने इस मुद्दे को लपक लिया। लव जिहाद भले ही कहीं नहीं हो रहा हो परंतु 11 राज्यों में लव जिहाद के खिलाफ कानून बन चुके हैं! हाल में महाराष्ट्र में सकल हिन्दू समाज नामक संगठन ने इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन किया। लव जिहाद हिन्दू समुदाय के लिए खतरा है, इस झूठ को इतनी बार दुहराया गया है कि वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत भड़काने का हथियार बन गया है। लव जिहाद हो रहा है या लव जिहाद जैसी कोई चीज है इसका कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। सूचना का अधिकार के तहत पूछे गए एक प्रश्न के 11 नवंबर 2020 को दिए गए उत्तर में राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा कि वह लव जिहाद के संबंध में कोई आंकड़े नहीं रखता। "लव जिहाद से संबंधित शिकायतों की कोई अलग श्रेणी नहीं है और ऐसे कोई आंकड़े आयोग द्वारा संधारित नहीं किए जाते।" केरल की सत्ताधारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग इस फिल्म के प्रदर्शन के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलेगी। राज्य के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन ने कहा कि रचनात्मक स्वतंत्रता का धार्मिक आधार पर समाज को बांटने के लिए दुरूपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इस फिल्म के प्रदर्शन के खतरनाक नतीजों को भांपते हुए केरल से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट कर कहा है कि ऐसे व्यक्ति को एक करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा जो यह साबित कर सके कि 32,000 लड़कियां काल्पनिक लव जिहाद की शिकार हुई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शुद्ध झूठ पर आधारित इस फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

अभी कुछ ही समय पहले सर्वोच्च न्यायालय ने अपने सर्वश्रेष्ठ निर्णयों में से एक में कहा है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों का राज्य सरकारों को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और यदि वे ऐसा नहीं करतीं तो इसे न्यायालय की अवमानना समझा जाएगा।

न्यायालय को एक कदम और आगे बढ़कर यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि कलात्मक स्वतंत्रता के नाम पर प्रचार फिल्मों पर रोक लगाई जानी चाहिए या कम से कम सेंसर बोर्ड को यह जांच करनी चाहिए कि फिल्म को जिन तथ्यों या आंकड़ों पर आधारित बताया जा रहा है वे कितने प्रामाणिक हैं।

# जद याद करूँ हल्दीघाटी...!

**सुनील कुमार महला**

**हिन्दुआ** सूरज, वीरशिरोमणी, द्दढ-प्रतिज्ञ, सच्चे राष्ट्र-भक्त, अदम्य साहसी,भीष्म प्रतिज्ञ, कर्तव्यनिष्ठ, छापामार युद्ध प्रणाली के जनक, शास्त्र और शस्त्र में सुशिक्षित, अनुशासनप्रिय, कुशल नेतृत्वकर्ता,कष्ट-सहिष्णु, त्याग और तप की प्रतिमूर्ति, सफल राष्ट्र निमार्ता, चतुर राज-नीतिज्ञ,सफल रण-नीतिज्ञ,प्रबन्धन-कुशल,सब पन्थों का समान आदर करने वाले, दार्शनिकों, कवियों, रचनाकारों, शिल्पियों व सन्तों के विशेष संरक्षक, अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी, मेवाड़ के महान हिंदू शासक महाराणा प्रताप (सोलहवीं शताब्दी) ऐसे शासक थे, जो मुगल शासक अकबर को लगातार टक्कर देते रहे थे। महाराणा प्रताप का जन्म राजस्थान के कुम्भलगढ़ में महाराणा उदयसिंह के घर 9 मई, 1540 ई. को हुआ था।इनके पिता महाराजा उदयसिंह और माता राणी जीवत कंवर थीं। इसके साथ ही वह महान राणा सांगा के पौत्र थे। कहते हैं कि प्रताप का वजन 110 किलो और हाईट 7 फीट 5 इंच थी। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि महाराणा प्रताप को बचपन में कीका के नाम से पुकारा जाता था। उनका निधन 29 जनवरी, 1597 को चावंड में हुआ था। प्रताप ऐसे योद्धा थे, जो कभी मुगलों के आगे नहीं झुके। उनका संघर्ष इतिहास में अमर है। महाराणा प्रताप मातृप्रेम, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक कहलाते हैं। मेवाड़ की रक्षा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन, पूरा परिवार, पूरा वैभव, अर्थात सब कुछ दांव पर लगा दिया था।जानकारी देना चाहूंगा कि बादशाह अकबर की साम्राज्यवादी नीति में मेवाड़ हमेशा एक सशक्त अवरोधक के रूप में प्रस्तुत हुआ है और इस क्रम में महाराणा सांगा से लेकर राणा प्रताप तक एक सशक्त



क्रमबद्धता दिखाई देती है।कहते हैं कि उनकी वाणी में साक्षात काली माता विराजती थी अर्थात उनकी दकाल के आगे शत्रु-दल के प्राण सूख जाते थे -'राणा थारी दकाल सुणनै अकबर धूज्यो जाय।' कहते हैं कि महाराणा प्रताप अपने साथ सदैव दो तलवारें रखते थे कि वीर कभी निहत्थे पर वार नहीं करता और यदि शत्रु निहत्था मिल जाता था तो वे उसे एक तलवार दे कर बराबरी पर युद्ध करते थे। श्री जयवन्ती देवी सोनगरा जैसी माता श्री उनको प्राप्त थी, यह भी प्रताप की विशेषता है।वे हिन्दू-एकता के प्रतीक थे। वे जैन, शैव, शाक्त, वैष्णव, नाथ आदि विभिन्न हिन्दू पन्थों और समस्त हिन्दू जातियों, खापों, व पंचायतों के एक-छत्र नायक थे, इसलिए हिन्दुआ-सूर्य कहलाते थे। युद्ध काल में उन्होंने गाँव-खेत-खलिहान खाली करवा दिए थे तो शान्तिकाल में खेती को विकसित करने के लिए 'विश्व-वल्लभ' नामक पुस्तक उन्होंने लिखवायी थी। जानकारी देना चाहूंगा कि हल्दी घाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप के पास सिर्फ 20000 सैनिक थे और मुगल शासक अकबर के पास 85000 सैनिक थे, इसके बावजूद भी महाराणा प्रताप ने अकबर से हार नहीं मानी थी और स्वतंत्रता के लिए लगातार संघर्ष करते रहे थे।

ऐसा माना जाता है कि हल्दीघाटी(18 जून 1576 ई.) के युद्ध में न तो अकबर जीत सका और न ही राणा हारे थे। यह युद्ध अनिर्णायक रहा था। कहते हैं कि महाराणा प्रताप का भाला 81 किलो वजन का था और उनकी छाती का कवच 72 किलो का था। सच तो यह है कि महाराणा प्रताप के हथियारों को इतिहास के सबसे भारी युद्ध हथियारों में शामिल किया गया हैं।आपको जानकारी प्राप्त करके आश्चर्य होगा कि उनके भाला, कवच, ढाल और साथ में दो तलवारों का वजन मिलाकर 208 किलो था। कहते हैं कि अकबर ने महाराणा प्रताप को समझाने के लिए 6 शान्ति दूतों को भेजा था, जिससे युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से खत्म किया जा सके, लेकिन महाराणा प्रताप ने यह कहते हुए हर बार उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था कि राजपूत योद्धा यह कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता। प्रताप ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जंगलों में भटकते हुए तृण-मूल व घास-पात की रोटियों में गुजर-बसर किया किंतु कभी भी धैर्य और संयम नहीं खोया। अथाह विकट परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने मातृभूमि के प्रति अपनी निष्ठा और स्वाभिमान को जागृत रखते हुए मुगल शासन के विरुद्ध अपनी लड़ाई हमेशा जारी रखी। कहते हैं कि बादशाह अकबर के 30 वर्षों के लगातार प्रयास के बावजूद भी वह महाराणा प्रताप को बंदी नहीं बना सके थे। प्रताप के घोड़े का नाम चेतक था, जो बहुत ही वफादार और बहादुर था। जानकारी मिलती है कि जब युद्ध के दौरान मुगल सेना उनके पीछे पड़ गई थी तो चेतक ने महाराणा प्रताप को अपनी पीठ पर बैठाकर कई फीट( लगभग 26 फीट) लंबे नाले को पार किया था।आज भी चित्तौड़ की हल्दी घाटी में चेतक की समाधि बनी हुई है। यहाँ यह भी बता दूं कि हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की तरफ से लड़ने वाले एकमात्र मुस्लिम सरदार हकीम खां सूरी थे।महाराणा प्रताप की तलवार कवच आदि सामान उदयपुर राज घराने के संग्रहालय में आज भी सुरक्षित हैं।अकबर ने राणा प्रताप को कहा था कि अगर तुम(महाराणा प्रताप) हमारे आगे झुकते हो तो आधा भारत आप का रहेगा, लेकिन महाराणा प्रताप ने कहा मर जाऊँगा लेकिन मुगलों के आगे सर नहीं नीचा करूंगा। यह भी कहते हैं कि प्रताप का सेनापति सिर कटने के बाद भी कुछ देर तक लड़ता रहा था। प्रताप ने मायरा की गुफा में घास की रोटी खाकर दिन गुजारे थे।अकबर ने एक बार यह बात कही थी कि अगर महाराणा प्रताप और जयमल मेड़तिया मेरे साथ होते तो हम विश्व विजेता बन जाते। अकबर महाराणा प्रताप का सबसे बड़ा शत्रु था, पर उनकी मौत का समाचार सुन अकबर रोने लगा था क्योंकि हृदय से वो महाराणा प्रताप के गुणों का बहुत बड़ा प्रशंसक था और अकबर यह बात अच्छी तरह से जानता था कि महाराणा जैसा वीर इस धरती पर कोई नहीं है।अंत में यही कहूंगा कि महाराणा प्रताप ने अपने अप्रतिम साहस, शौर्य और युद्ध कौशल से मां भारती को सदैव गौरवान्वित किया है और करते रहेंगे । मातृभूमि के लिये उनका त्याग और समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। प्रसिद्ध राजस्थानी साहित्यकार कन्हैयालाल सेठिया जी ने अपनी रचना 'पीथल और पाथल' में बड़े ही शानदार शब्दों में लिखा है-'... हूं लड्यो घणो हूं सह्यो घणो मेवाड़ी मान बचावण नै, हूं पाछ नहीं राखी रण में बैर्यां री खात खिडावण में, जद याद करूँ हळदीघाटी नैणां में रगत उतर आवै, सुख दुख रो साथी चेतकड़ो सूती सी हूक जगा ज्यावै, पण आज बिलखतो देखूं हूँ जद राज कंवर नै रोटी नै, तो क्षात्र-धरम नै भूलूं हूँ, भूलूं हिंदवाणी चोटी नै मैंह्लां में छप्पन भोग जका मनवार बिनां करता कोनी, सोनै री थाल्यां नीलम रै बाजोट बिनां धरता कोनी, अै हाय जका करता पगल्या, फूलां री कंवळी सेजां पर, बै आज रुळै भूखा तिसिया, हिंदवाणै सूरज रा टाबर,...!

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है ।)**

**सुनील कुमार महला,**
**स्वतंत्र लेखक व युवा साहित्यकार**
**पटियाला, पंजाब**

# मानव जीवन एक पहेली. मनोबल से परिस्थितियों को अनुकूल बनाएं

**संजीव**

**प्राप्ति** के लिए क्या आवश्यक साधन एवं तरीके अपनाए जाएं यह एक यक्ष प्रश्न की तरह मनुष्य के सामने खड़ा होता है। मनुष्य का हमेशा जिंदगी जीने के लिए एक ललक और प्यास रखने की आवश्यकता होती है जीवन को यह अंतिम जीवन हैं कहकर जीने की आवश्यकता होती है एवं इसे निश्चित धैर्य में बांधकर जीवन जीने की बजाए प्रयोग के साथ नवीनता और परिवर्तनशीलता लबालब रखना चाहिए मगर शर्त यह है कि यह मनुष्य के जीने का तरीका सामाजिक नियमों या परिपाटी का खुला उल्लंघन ना हो। खुले जीने के तरीके मनुष्य को आत्म संतुष्टि प्राप्त नहीं होती है। जीवन जीने का तरीका एक यह भी है की विपरीत परिस्थितियों से डटकर मुकाबला कर उसे सहज स्वीकारना चाहिए। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में जहां पूरी दुनिया एक वैश्विक ग्राम बनकर रह गई है वहां जीवन नाटकीय ता से परिपूर्ण हो सकता है क्योंकि मनुष्य का आज का जीवन विश्व की तमाम क्रिया प्रतिक्रिया एवं घटनाओं से काफी हद तक प्रभावित होता रहा है भले ही उससे समक्ष या परोक्ष रूप से मनुष्य जुड़ा हुआ हो या न हो। हाल की घटनाओं में ले लीजिए रूस यूक्रेन युद्ध से पूरा विश्व जनमत प्रभावित हुआ है एवं वैश्विक महंगाई में भी इजाफा हुआ है क्योंकि विश्व के तेल आयातक देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए। मनुष्य के निजी जीवन में कई घटनाएं, दुर्घटनाएं आकस्मिक सामने आ जाती हैं तो ऐसे में मनुष्य को बिना हिचकिचाहट दर्शाए उन परिस्थितियों से रूबरू होकर उसका सामना संयम ,मनोबल तथा पूरी शक्ति से करना चाहिए ऐसे में निश्चित तौर पर मनुष्य को विषम परिस्थितियों में सफलता प्राप्त होती है। क्योंकि मनुष्य को श्रम करने की आदत हो तो जीवन के अनेक पहलुओं को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। जीवन के अनेक द्दष्टिकोण से परिस्थितियों को गुणवत्ता के आधार पर स्वीकार तथा आज स्वीकार करते हुए निरंतर अग्रसर होते रहना चाहिए और कठिन श्रम निरंतर मेहनत पर मनुष्य को भरपूर भरोसा होना चाहिए। क्योंकि कर्म पर भरोसा रखने से और इस प्रक्रिया से भविष्य के परिणाम बहुत ज्यादा प्रभावित करते हैं जीवन को सकारात्मक विचारों के साथ निरंतर आगे बढ़ाकर परिस्थितियों का दास नहीं उस पर नियंत्रण करता होना चाहिए, तब जाकर मनुष्य अपने लक्ष्य को सफलता के रूप में प्राप्त कर सकता है। मनुष्य को केवल जीवन जीना ही नहीं है उसे उस जीवन को सफल और सफलता के चरमोत्कर्ष तक पहुंचाना होता है। साधारण जिंदगी जिए और मृत्यु को प्राप्त हो गए ऐसा जीवन तो जानवर पशु पक्षी भी जीते हैं यदि आपको मनुष्य योनि में जन्म मिला है तो इसे सार्थक करने के लिए आपको अनथक प्रयत्न कर इस लोक जगत और मानव सभ्यता के लिए परोपकार की भावना भी आपके व्यक्तित्व में समाहित करना होगा। मनुष्य इस बात को जितने जल्दी समझ जाए कि उसका जीवन केवल उसके लिए नहीं है बल्कि संपूर्ण मानव जगत और इस भव संसार की भलाई के लिए भी है तब ही उसका जीवन सार्थक एवं सफल हो सकता है। साहस मनोबल और श्रम की परिणति ही परिवर्तन लाती है और परिवर्तन प्रकृति का नियम है और परिवर्तन से व्यक्ति समाज देश और संपूर्ण विश्व में खुशहाली लाती है। जीवन जीने का आशय जीवन में आकस्मिकता ,परिवर्तनशीलता और निरंतर परिस्थितियों में सुधार लाने का प्रयास ही होना चाहिए, मनुष्य को निरंतर जीवन में परिवर्तन तथा नवाचार के लिए प्रयासरत रहना होगा तभी उसके जीवन का मूल उद्देश्य सार्थक एवं सफल हो सकता है।

# साहब रीढ़ नहीं है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जलने** जलाने का खेल बहुत पुराना है। लीजिए साहब हर दिन गरमागरम मुद्दों से जलाकर मारने वाली मीडिया आज जलकर मरने वालों की खबर दिखाने जा रही थी। कुल सत्ताईस लोग मरे थे। इस खबर से मीडिया में एक ओर दुख तो दूसरी ओर खुशी का वातावरण छाया हुआ था। दुख इस बात का कि हमारे रहते जलाने का जिम्मा कोई और कैसे उठा सकता है। हमारे जलाने में क्या कोई कमी रह गई थी जो हमसे होड़ लेने नए-नए बंदे मार्केट में उतर आए हैं। दूसरी ओर खुशी इस बात का कि मीडिया की तुलना में जलकर मरने वालों की संख्या समुद्र में एक बूँद के बराबर भी न थी। पहले बंदूकें ईमानदार थी, इसलिए बदनाम थी। शोर-शराबा ज्यादा होता था। आज बंदूकें मीडिया का साइलेंसर लगाकर चलाई जा रही हैं। कभी हिंदू-मुस्लिम का बुलेट तो कभी अजान-चालीसा का बुलेट लिए।

बहुत दिनों बाद आज मीडिया वाले स्टूडियो के बाहर की दुनिया दिखाने वाले थे। नहीं तो दिन भर स्टूडियो में चार-पाँच छोटी-छोटी खिड़कियों में से झांककर देखने वाले चेहरों के साथ बात करने में अपने पिछवाड़े की धन्यता समझते थे। एक रिपोर्टर अपने कैमरामेन के साथ घटनास्थल पर पहुँचा तो कई जलकर राख हो गई लाशों में से किसी एक की रीढ़ की हड्डी दिखाई दी। यह देखने की देर थी कि मीडियाभर में तहलका मच गया कि मरने वाला रीढ़धारी था। मांस के लुथड़ों में रहने वालों के बीच रीढधारी का होना बलात्कारियों के बीच एक भोली-भाली अबला का होना था। देश में वैसे तो रीधधारी बचे नहीं, जो बचे वह तो तर्क के साथ बहस करने वाले थे। मीडिया के अनुसार रीढ़ वाले प्रश्न करते हैं। तर्क-वितर्क करते हैं। बढ़ती कीमतों पर सरकार को लताड़ते हैं। पेट्रोल-डीजल-गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर आए दिन हंगामा करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति वाले देश के विकास के लिए घातक होते हैं।

ये लोग जुमलों को पकड़ने में तेज, दाढ़ी में से तिनका निकालने में समर्पित और अच्छे दिन बोलने वालों की बैंड बजाने वाले हैं। ऐसे लोग आतंकवादी होते हैं जो दूर की हाँकने वालों को अपने तार्किक विचारों से धराशायी कर देते हैं। किसी भी देश का विकास रीढ़ की हड्डी वालों से नहीं रंग-बदलने वाले गिरगिटों से होता है। ये गिरगिट आए दिन इतने रंग बदलते हैं कि चुनाव के पहले वे आपको बुरे लगते हैं जबकि चुनाव के दिन वे ही देशभक्त लगते हैं।

# राष्ट्रीय रामायण मेला व मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट** । पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन चंद्रप्रकाश, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में 9 मई 2023 को माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को देखते हुए मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ब्रीफिंग की गई।पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन चंद्र प्रकाश ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की सुरक्षा व्यवस्था के अनुसार कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराना है सभी पुलिस अधिकारी सतर्क दृष्टि रखकर कार्यक्रम को कराएंगे पुलिस अधीक्षक ने जो सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताया है उसी के अनुसार करें आप हम सब लोग वीआईपी ड्यूटी करते हैं लेकिन जब नई जगह ड्यूटी करने जाते हैं तो वहां पर सतर्क रहकर ड्यूटी करें सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी कार्ड धारण करें जिन लोगों के जिन स्थलों पर ड्यूटी लगी है वह अच्छी तरह से ड्यूटी करेंगे फ्लीट वाले रास्ते में भीड़ एकत्र नहीं होना चाहिए आवागमन के रास्ते के विद्युत पोल तार आदि चेक करा लें, डी एवं मीडिया मैनेजमेंट में जो अधिकारी लगे हैं वह सतर्क रहकर ड्यूटी करें जिन लोगों की ड्यूटी सड़क पर लगी है वह कार्यक्रम समाप्ति के बाद भी तैनात रहकर आम जनमानस को सकुशल वापस करेंगे, कोई भी व्यक्ति थैला बैग पानी की बोतलें आदि अधिकृत सामग्री कार्यक्रम स्थल पर नहीं ले जाना चाहिए आप सभी लोग जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेहतर तरीके से कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से सख्त निर्देश है कि जो सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश हैं उसी के अनुसार सभी मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी ड्यूटी में तैनात रहकर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएं



इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए अगर कोई समस्या आती है तो अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर निस्तारण कराएं चिकित्सा व्यवस्था अच्छी तरह से रहे पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से रहे, हेलीपैड स्थल में सभी व्यवस्थाएं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड अवश्य कर ले, कहा कि यह बहुत ही छोटा कार्यक्रम है आप लोग अच्छी तरह से कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की सुरक्षा बढ़ गई है इसको दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएं छोटी सी घटना बड़ा रूप ले लेती है सभी अधिकारी कर्मचारी अपना ड्यूटी कार्ड अवश्य रखें तथा जो उपस्थित होने का समय 11बजे का दिया गया है उसी समय उपस्थित हो हेलीपैड पर जो राजपत्रित अधिकारी तैनात किए गए हैं वह जनप्रतिनिधियों की अच्छी तरह से चेकिंग कराएं जहां पर आम जनमानस के लिए वाहन पार्क होंगे वहां पर भी अच्छी व्यवस्था रहे महिला पुलिसकर्मी भी तैनात है वह महिलाओं की भी चेकिंग अच्छी तरह से कराएं जिन पुलिसकर्मियों की सादे ड्रेस में ड्यूटी लगाई गई है वह भी सतर्क रहकर कार्यक्रम को सफल संपन्न कराएं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कराई जा रही है, मीडिया कर्मियों की अच्छी तरह से कैमरा फ्लैश मोबाइल फोन बैक आदि की चेकिंग की जाएगी किसी भी स्थिति में बिना चेकिंग के व बिना पास के मीडिया कर्मियों को प्रवेश वर्जित रहेगा, रूफटॉप में लगे अधिकारी भी सजग रहकर ड्यूटी करेंगे सभी लोग ड्यूटी कार्ड जो दिया जाएगा उसको अपने गले में टांग कर अवश्य रखें, ड्यूटी के दौरान किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करेंगे बीआईटी पार्किंग पटेल गेस्ट हाउस में है इसके अलावा पोद्दार इंटर कॉलेज एवं रैन बसेरा में आम जनमानस के वाहनों की पार्किंग की गई है, हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल रामायण मेला परिसर में जिन मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह सतर्क दृष्टि रखते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएंगे कहा कि पांडाल को 8 ब्लॉक में बांटा गया है जहां पर भी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी लगाए गए हैं इसके अलावा मुख्य गेट पर भी ड्यूटी लगाई गई है प्रत्येक व्यक्ति की गेटों पर चेकिंग बहुत ही सतर्क दृष्टि से कराई जाएगी, आप सब लोग पूरी सतर्कता के साथ निभाएंगे मेरी यही सभी से अपील है।तत्पश्चात आईजी जोन प्रयागराज, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी एवं पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## पुलिस ने चार वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट**। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह की टीम ने मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने मामले में वारंटी जसवंत पुत्र गुण्डी, वारंटी पवन कुमार पुत्र दुखीराम निवासी चिल्लीमल को गिरफ्तार किया है। टीम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह, सिपाही बब्बू राजा, राहुल पुरी शामिल रहे।

भरतकूप थाने के वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने चोरी व माल बरामद मामले तथा खनिज अधिनियम के वारंटी रामचन्द्र यादव पुत्र रामनिहोर व वारंटी आशिफ उर्फ आशू पुत्र लतीफ खां निवासी पहरा को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही मो इरफान शामिल रहे।

## दो पर पुलिस ने की गुण्डा एक्ट की कार्यवाही, दो को शराब समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट**। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी ने जितेन्द्र सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी चांदी के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब व ढुरी पुत्र रामशरण निवासी बिहरवा के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही राहुल पुरी व महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रहीं।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह ने भोली- भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले दयाशंकर पुत्र कल्लू यादव निवासी चिल्लीमल, बबलू उर्फ चन्द्रप्रकाश पुत्र रामपाल केवट बोधन का डेरा ग्राम चांदी के खिलाफ श्री यूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में खलबली मची है।

## फर्जी आधार कार्ड अथवा अन्य फर्जी आईडी से वोट डालते पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी

**एटा। डीएम अंकित** कुमार अग्रवाल ने कहा है कि निकाय चुनाव में फर्जी आधार कार्ड अथवा फर्जी फोटो आईडी से वोट डालते हुए मिले तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी करने की कोशिश ना करें। इसके अलावा 40 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 15 जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।

कलक्ट्रेट सभागार में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अतिसंवेदनशील बूथों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को भी लगाया जाएगा। डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट की ओर से सात और आठ मई को अपने सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ आवंटित बूथों का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं को चेक किया जाए। डीएम ने कहा कि बूथ पर भ्रमण के दौरान यदि कोई समस्या है तो अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

बूथ भ्रमण के दौरान बूथ से 100 मीटर की परिधि में पोस्टर बैनर हैं, तो उसे हटवाएं। प्रत्येक बूथ पर वीडियोग्राफर की तैनाती की गई है। जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमण के दौरान कमजोर वर्ग के मतदाताओं, अनुसूचित जाति के मतदाताओं, गरीब मतदाताओं से वार्ता कर उनको पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाएं, जिससे कि वह अपने मत का निर्भीक होकर प्रयोग कर सकें।

उन्होंने कहा कि कमजोर, गरीब वर्ग के मतदाताओं को डराने, धमकाने एवं एक प्रत्याशी को मतदान करने के लिए धमकाने आदि किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। वोटरों को यह अवगत कराया जाए कि केवल मतदाता पर्ची के माध्यम वोट नहीं डाला जाएगा, फोटो आईडी प्रूफ भी साथ लाना अनिवार्य है। जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल है। वह मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। फर्जी आधार कार्ड अथवा अन्य फर्जी आईडी से वोट डालते पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने बैठक में उपस्थित जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्वाचन प्रबंधन, शांति व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, मतदान प्रक्रिया, समन्वय एवं संचार प्रबंधन, मजिस्ट्रीयल अधिकार के प्रयोग आदि अन्य निर्वाचन संबंधी दायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ डा. एके बाजपेयी, सीओ विक्रांत द्विवेदी, प्राचार्य डायट जितेन्द्र सिंह, बीएसए संजय सिंह, समस्त ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

# 95 लीटर शराब समेत पांच को दबोचा, निकाय चुनाव में अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट**। नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में बरगढ़ पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सपना पत्नी रमेश निवासी गाहुर मजरा भरतपुरवा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। दो कुंतल लहन भी नष्ट किया।

सोमवार को उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में बरगढ़ पुलिस व आबकारी विभाग के



अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजीव कुमार सिंह की देखरेख में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 75 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। मऊ थाने के दरोगा नीतिराज की टीम ने कामता प्रसाद पुत्र रंगीलाल निवासी बियावल के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर की टीम ने पुष्पा देवी पत्नी भैरम निवासी बियावल के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है।

मऊ थाने के दरोगा गंगाचरन प्रजापति की टीम ने बड़का पुत्र कैलाश निवासी बियावल के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत दबोचा। इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम थाना की टीम ने संवरिया देवी पत्नी बच्चीलाल निषाद निवासी बियावल के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ भी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# मप्र में गैंगरेप आरोपियों के गिराये घर

## परिजनों ने कहा कि भाई के जुर्म की सजा उन्हें क्यों?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट**। अपनी मां के साथ दर्शन करने आई 16 साल की बालिका के साथ गैंगरेप करने वाले तीन आरोपियों के घर पर मप्र प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। पीड़िता मप्र की रहने वाली है। छह आरोपियों में से तीन मप्र और तीन उप्र के हैं। गिरफ्तारी के बाद मप्र नयागांव के तीन आरोपियों के घर बुलडोजर से गिरा दिये गए हैं।

सोमवार को सतना के मझगवां एसडीएम जितेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि मप्र सरकार के आदेश पर गैंगरेप के आरोपी संतोष कुशवाहा उर्फ बच्चू पुत्र राममिलन कुशवाहा, विनोद निषाद पुत्र रज्जू निषाद निवासी केवटरा नयागांव व मोहित निषाद उर्फ गोलू पुत्र मुनेश निषाद निवासी नयागांव के घर को



बुलडोजर से गिरवा दिया गया है।

एसडीएम ने बताया कि गैंगरेप के बाकी तीन आरोपी यूपी के हैं। उनके घरों को गिराने को यूपी सरकार से मांग की गई है। इस कार्रवाई दौरान आरोपी के घर पर मौजूद परिजन रोने-बिलखने लगे। परिजनों ने कहा कि जुर्म भाई ने किया है तो सजा पूरे परिवार को क्यों मिल रही है। आरोपी के भाई कामता प्रसाद ने रोते हुए बताया कि 2004 से लेकर 2011 तक एक-एक ईंट जोडकर घर बनवाया था। पिता ने कड़ी मेहनत कर 1987 में घर की नींव डाली थी। चार भाई हैं, चार कमरे का मकान था। एक-एक कमरे में चारों भाई रहते थे। उसका भी कमरा गिरा दिया गया। उसके दो बच्चे हैं। भाईयों के चार बच्चे हैं। अब उन्हें लेकर कहां जाएंगे। उनके मकान के पूरे कागज हैं। फिर भी मकान गिरा दिया गया। कामता के बताया कि आरोपी भाई कभी-कभी घर आता था। वह मां के पास रहता था। क्या करता था, उन्हें पता नहीं है। उनका मकान क्यों गिरा दिया, उनका तो कोई दोष नहीं है। कार्रवाई दौरान सतना के मझगवां के नायब तहसीलदार सुमित गुर्जर, एसडीओपी सतना आशीष जैन, नगर पंचायत अधिकारी विशाल सिंह व नयागांव के टीआई हीरालाल मिश्रा समेत सौ पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बाइक रैली निकाल मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट**। निकाय चुनाव के दूसरे चरण को 11 मई को होने वाले मतदान को लेकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को मानिकपुर नगर में एसडीएम व नगर पंचायत ईओ की अध्यक्षता में बाइक रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

सोमवार को मानिकपुर के आदर्श इंटर कॉलेज से एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह बाइक रैली कस्बे के लोगों को मतदान करने को जागरूक करने को कस्बे में भ्रमण किया। बाइक रैली आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर से शुरू होकर मानिकपुर



की तिगलिया बाजार, सुभाष नगर, बस स्टैंड, मारकुंडी तिराहा, स्टेशन रोड होते हुए पूरे कस्बे में भ्रमण किया। लोगो को मतदान में बढ-चढकर हिस्सा लेने को जागरूक किया।

नगर पंचायत के अधिकारियों व एसडीएम ने लोगों से 11 मई को बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्हें अपने मतदान के अधिकारों की जानकारी दी। मतदान करके अच्छे प्रत्याशी चुनने पर नगर के विकास के प्रति जागरूक किया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामाशीष वर्मा ने कहा कि होने वाले निकाय चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को प्रशासन ने बाइक रैली से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रही है। जागरूक करने का अभियान दस मई तक चलता रहेगा।

इस मौके पर आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह चंदेल, कालेज के अध्यापक, नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे है।

## मासूम की कूलर करंट से हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट**। घर में खेल रहे मासूम की कूलर में उतरे करंट से मृत्यु हो गई। परिजन मासूम को लेकर अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

ये घटना रैपुरा थाना क्षेत्र के बराछी गांव में रविवार को हुई। बताया गया कि विनोद का 11 माह का पुत्र श्रेयांश घर के कमरे में खेल रहा था। अचानक कूलर के पास पहुंच गया। कूलर में करंट था। हाथ से कूलर छूते ही वह करंट की चपेट में आ गया। यह देख चाचा राजेश उसे जिला अस्पताल लाये। डाक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## जादू से मतदाताओं को किया जागरूक, लोकतंत्र मजबूत बनाने को करें मतदान: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट**। नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने को मऊ कस्बे में जागरूकता शिविर लगा। शिविर में जादू से मतदाताओं को मतदान को प्ररित किया।

सोमवार को मऊ कस्बे में मतदाता जागरूकता शिविर में एसडीएम नवदीप शुक्ला ने कहा कि 11 माई को दूसरे चरण के मतदान होना है। जिले में नगर क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सभी मतदाता निर्धारित समय से बूथों मे जाकर मतदान करें। अधिक से अधिक मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ 14 वार्डो के सभासदों को चुनने को मतदाताओं को बैलेट पेपर से मताधिकार का प्रयोग करना है। सभी मतदाता बिना भय व बिना लालच के निडर होकर मनपसंद प्रत्याशी चुनने को मतदान करें।

इस दौरान जादूगर ने जादू से मतदान का महत्व बताया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी भोलानाथ कुशवाहा, मऊ थाना प्रभारी राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

## सपा प्रत्याशी व निर्दल के बीच छिडी जंग

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट**। नगर पालिका कर्वी के वार्ड सात काशीराम नगर में वार्ड मेम्बरी के चुनाव को खासा घमासान मचा है। इस वार्ड में खासतौर पर सपा से राजा साहू व निर्दल सीएल सिंह पटेल के बीच चुनावी जंग छिडी है।

सोमवार को नगर पालिका कर्वी के वार्ड सात काशीराम नगर में वार्ड मेम्बरी के चुनाव को खासा घमासान है। इस वार्ड से चुनाव जीतने को सभी प्रत्याशी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। दावों से इतर सपा प्रत्याशी राजा साहू व निर्दल सीएल सिंह पटेल तथा भाजपा प्रत्याशी संतोष अग्रहरि व निर्दल लवकुश अग्रहरि के बीच चुनावी जंग छिडी है।

इस चुनावी जंग के बीच संतोष अग्रहरि भाजपा व निर्दल लवकुश अग्रहरि के आपस में लड जाने से मतों का बंटवारा तय है। ऐसे में चुनाव राजा साहू व सीएल सिंह पटेल के बीच में होना तय माना जा रहा है।

## परिवार परामर्श पुलिस टीम ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट**। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस टीम ने दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के विद्यानगर मोहल्ले के हरिश्चन्द्र दिनकर पुत्र माताबदल ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि उसकी पुत्री रंजना देवी से ससुरालीजन दहेज की मांग करते हैं। दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट व गाली-गलौज कर पति शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताडित करता है एवं जान से मारने की धमकी देते हैं। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा।

प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत को समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। आपसी सुलह के बाद परिवार परामर्श केंद्र ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह व महिला सिपाही शिवांगी श्रीवास्तव शामिल रहीं।

## चित्रकूट की बेटी संसद भवन में देगी भाषण

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट**। ग्रामोदय विश्वविद्यालय की बीएड की छात्रा प्रिया त्रिपाठी नौ मई को संसद में भाषण देने को चुनी गई है। विश्वविद्यालय में खुशी की लहर है। इससे पहले प्रिया विश्वविद्यालय स्तर पर चित्रकूट और सतना में भाषण प्रतियोगिता जीत चुकी है। इसी आधार पर उनका चयन किया गया है। चयन होने के बाद चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक काफी खुश हैं। प्रिया के माता-पिता भी बेहद खुश हैं। वह अपने आप को सौभाग्यशाली मान रहे हैं। जिन्हें देश की संसद भवन में भाषण देने का मौका मिला है।

सोमवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दिल्ली ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बीएड छात्रा प्रिया त्रिपाठी को संसद भवन में भाषण देने को चयनित किया है। प्रिया नौ मई को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन उपलब्धि और योगदान पर भाषण देंगी। छात्रा के चयनित होने पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने खुशी जताई है। छात्रा के पिता गोकर्ण त्रिपाठी भी खुद दिल्ली जाएंगे। जो विश्वविद्यालय के लिए बेहद खुशी के पल हैं।

प्रिया त्रिपाठी मूल रूप से यूपी के जिले के नांदीतौरा पहाड़ी क्षेत्र के गांव की है। प्रिया त्रिपाठी ने कहा कि वह शुरू से ही देश के महापुरुषों के बारे में किताबें पढ़ती आई है। रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन पर परिचय देने को देश के संसद भवन में मिला है। यह उसके लिए खुशी की बात है।

## अमेरिकी एयरलाइन्स ने महिला को जैक्सनविल के बजाए पहुंचा दिया जमैका

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी फ्रंटियर एयरलाइन्स ने गलती से न्यू जर्सी की एक महिला को जैक्सनविल के बजाए बिना पासपोर्ट के जमैका पहुंचा दिया। महिला के साथ यह घटना गेट बदलने के दौरान हुई। फ्रंटियर एयरलाइंस ने इस पूरे मामले पर दुख व्यक्त किया है।




न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक ग्लूसेस्टर काउंटी की निवासी बेवर्ली एलिस-हेबार्ड हर छह सप्ताह में एक बार फिलाडेल्फिया से जैक्सनविले में अपने दूसरे घर के लिए उड़ान भरती हैं। उन्होंने कहा कि मैंने फ्रंटियर की उड़ानें चुनीं, क्योंकि हम अक्सर इसी से उड़ान भरते हैं। उन्होंने कहा कि वह छह नवंबर को उड़ान के लिए गेट पर पहुंची, जिसमें पीएचएल टू जेएक्स लिखा था। हेबार्ड ने बताया कि उन्होंने एजेंट से शौचालय जाने के लिए अनुरोध किया था। जब वह वापस लौटीं, तो विमान पूरी तरह भर गया था। फ्रंटियर एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने कहा महिला गलत उड़ान में चढ़ गई, लेकिन इसके बावजूद हम ईमानदारी से इस पूरे मामले में खेद व्यक्त करते हैं। प्रवक्ता के मुताबिक, हमने महिला को धनवापसी और मुआवजा दे दिया है।

## न्यूजीलैंड में यौन उत्पीड़न-हत्या में भारतवंशी को 20 वर्ष की कैद

**मेलबर्न।** न्यूजीलैंड में डाउन सिंड्रोम से पीड़ित एक महिला का यौन उत्पीड़न करने व गला घोंटकर उसकी हत्या करने के जुर्म में भारतवंशी शामल शर्मा (33) को करीब 20 साल कैद की सजा सुनाई गई। समाचार पत्र द न्यूजीलैंड हेराल्ड की बृहस्पतिवार की रिपोर्ट के अनुसार, शामल शर्मा को 24 सितंबर, 2021 को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## श्रीलंका के पर्यटन उद्योग को भारतीय सैलानियों ने दिया बल

**कोलंबो।** इस साल अप्रैल में सबसे ज्यादा करीब 20 हजार पर्यटकों की आमद के साथ भारत छह महीने बाद एक बार फिर श्रीलंका के लिए सबसे बड़ा इनबॉन्ड मार्केट यानी आवक बाजार के रूप में उभरा है। पर्यटन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि भारत से अप्रैल में सबसे ज्यादा 19,915 लोगों ने द्वीपीय राष्ट्र की यात्रा की, जबकि 14,656 नागरिकों के साथ रूस दूसरे स्थान पर रहा।

## अफगानिस्तान में 2022 में 347 लोगों ने की आत्महत्या की कोशिश

**काबुल।** अफगानिस्तान में भुखमरी, गरीबी, बेरोजगारी और पारिवारिक हिंसाओं के कारण 2022 में करीब 347 लोगों ने आत्महत्या की कोशिश की। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। आत्महत्या की कोशिश करने वालों में से कुछ को बचाया गया, वहीं करीब 60 लोगों की जान चली गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची में सबसे ऊपर बदख्शां प्रांत है, जहां 251 लोगों ने आत्महत्या की कोशिश की।

## नेपाल में हिमस्खलन से तीन की मौत, नौ लोग घायल

**काठमांडू।** नेपाल के करनाली प्रांत में हिमस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गई। यह घटना करनाली प्रांत के मुगु जिले के चियारखू दर्रे के पास सुबह हुई। अधिकारियों के अनुसार12 लोग कीड़ा जड़ी लेने के लिए चियारखू गए थे।

## आतंकवाद के मुद्दे पर साथ आए पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान; आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ काम को लेकर सहमत हो गए हैं। उनके बीच विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर भी सहमति बन गई है। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बीते दिन इस्लामाबाद में पांचवीं चीन-पाकिस्तान-अफगानिस्तान त्रिपक्षीय विदेश मंत्रियों की वार्ता हुई। इसमें तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। बयान के मुताबिक, तीनों पक्ष त्रिपक्षीय ढांचे के तहत राजनीतिक जुड़ाव, आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग, व्यापार, निवेश और संपर्क (कनेक्टिविटी) बढ़ाने पर सहमत हुए।

# चीन की गरीबी दुनिया को न दिखे इसलिए इंटरनेट से हटा रहे वृद्ध, विकलांगों के वीडियो

**बीजिंग।** चीन दुनिया के सामने अपनी समृद्ध और विकसित तस्वीर रखने और देश की गरीबी का दुनिया में किसी को पता न चले, इसके लिए चाल चल रहा है। चीन इस संबंध में गरीबी, वृद्ध और विकलांग के वीडियो इंटरनेट से हटा रहा है। एक रिटायर महिला ने वीडियो बनाया था इसमें उसने 100 यूआन (14.50 डॉलर) से खरीदे जा सकने वाले किराने के सामान की वीडियो बनाई थी। यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। इसे चीनी अधिकारियों की ओर से डिलीट कर दिया गया।

वहीं, चीन के एक गायक ने युवाओं में खराब वित्तीय स्थिति को लेकर पैदा हुई कुंठा को गीत के माध्यम से बयां किया। कुछ समय बाद ही उसके इंटरनेट मीडिया अकाउंट को बंद कर दिया गया और गाने पर बैन लगा दिया गया।गत वर्ष एक प्रवासी कामगार का मामला भी बेहद प्रचारित हुआ था। वह परिवार के भरण पोषण के लिए कड़ी मेहनत करता था। उसे कोरोना हो गया। लोगों की काफी सहानुभूति मिली थी। उसके



संबंध में यह चर्चा होने लगी कि वह सर्वाधिक मेहनत करने वाला शख्स है। इंटरनेट मीडिया पर सेंसरशिप कर उसके संबंध में बातचीत पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यहां तक की कोई पत्रकार उससे संपर्क न कर सके इसके लिए घर के बाहर पहरा लगा दिया गया था। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वर्ष 2021 में गरीबी के खिलाफ लड़ाई में एक व्यापक जीत की घोषणा की थी। लेकिन, अब भी बहुत से लोग गरीब हैं या गरीबी रेखा के आसपास अपना जीवन बिताने को मजबूर हैं। देश में आर्थिक रफ्तार धीमी होने के बाद से लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं। हालांकि, वहां गरीबी पर चर्चा करना एक वर्जित विषय बन गया है। इस वर्ष मार्च में चीन के साइबरस्पेश प्रशासन ने घोषणा की थी कि वह जानबूझकर उदासी और हानि पहुंचाने वाली जानकारी वाले वीडियो या पोस्ट शेयर करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई करेगा, जिससे पार्टी और सरकार की छवि को नुकसान पहुंचता हो। यह वृद्ध, दिव्यांग लोगों और बच्चों के उदास वीडियो पर प्रतिबंध लगाता है। चीनी शब्द 'पिंकुन' या गरीबी खोजने पर शीर्ष समाचार में गरीबी अमेरिका में मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण है जैसे सामाचार सामने आते ही चीन में गरीबी के कारणों की रिपोर्ट सामने आने लगती है।

## पाकिस्तान में भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तुलना पैगंबर से करने वाले को पीट-पीटकर मार डाला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईश निंदा के ताजा मामले में एक व्यक्ति को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। खैबर पख्तूनख्वा के मरदान में पैंगबर से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तुलना करने पर एक समर्थक पर ईश निंदा का आरोप लगाकर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई। हिंसा का शिकार हुए व्यक्ति ने शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की रैली में इमरान की तुलना पैगंबर हजरत मुहम्मद से की थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कई लोगों को एक व्यक्ति की पिटाई करते देखा जा सकता है। सावल धेर क्षेत्र में करीब 40 वर्ष के व्यक्ति के बेजान शरीर को भीड़ द्वारा घसीटते और निर्दयतापूर्वक पिटाई करते देखा जा सकता है। मरने वाले की पहचान मौलाना निगार आलम के रूप में हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, निगार आलम



ने पीटीआई की रैली में भीड़ के सामने कहा कि इमरान खान का हजरत की तरह सम्मान करता है, क्योंकि वह एक ईमानदार व्यक्ति हैं। उसके इस बयान के बाद वहां के उपस्थित लोगों का गुस्सा भड़क गया। कुछ लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को पीछे हटाया। कुछ मौलानाओं ने निगार आलम के विरुद्ध ईश निंदा के आरोप में मामला पंजीकृत करने की मांग की थी। अंतरराष्ट्रीय और पाकिस्तानी अधिकार समूहों का कहना है कि अक्सर धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने और निजी शत्रुता साधने के लिए ईश निंदा के आरोप का सहारा लिया जाता है।

## माओवादी शिविर घोटाले की जांच कराए प्रचंड सरकार : विपक्ष

**काठमांडू।** नेपाली संसद के बजट सत्र में मुख्य विपक्षी दल सीपीएन (यूएमएल) ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से माओवादी लड़ाकू शिविर घोटाले की जांच कराने की मांग की है। सदन में सीपीएन (यूएमएल) के मुख्य सचेतक पदम गिरी ने रविवार को यह मुद्दा उठाया। फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले में सीपीएन (यूएमएल) के नेताओं के खिलाफ प्रचंड सरकार द्वारा कार्रवाई तेज करने के बाद ये ताजा प्रतिक्रिया आई है। सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने एक कार्यक्रम में प्रचंड सरकार पर उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अभियान चलाने का आरोप लगाया।

विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लिंगडन ने भी प्रचंड को माओवादी लड़ाकू शिविर घोटाले की जांच कर खुद को साफ-



सुथरा साबित करने की चुनौती दी। उल्लेखनीय है कि नेपाल सरकार ने शांति प्रक्रिया के तहत माओवादी लड़ाकों को समाज की मुख्यधारा में वापसी के लिए एक योजना शुरू की थी।

इसमें करोड़ों रुपयों के भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। हालांकि इन आरोपों की अभी जांच नहीं हुई है। इसी बीच फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले में सीपीएन (यूएमएल) के नेताओं के शामिल होने की रिपोर्ट के बाद से यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाने लगा है। सीपीएन (यूएमएल) के नेताओं ने शरणार्थियों के मामले में नेपाली कांग्रेस के भी कुछ नेताओं की जांच की मांग शुरू कर दी है। इससे नेपाल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

## पृथ्वी का चक्कर लगा रहा चांद का टुकड़ा, वैज्ञानिकों का दावा- एस्टेरॉइड की संरचना चंद्रमा से मिलती

**वाशिंगटन।** वैज्ञानिकों का दावा है कि कामो' ओलेवा नामक एक एस्टेरॉइड पृथ्वी का चक्कर लगा रहा है। यह चांद का टुकड़ा हो सकता है। कामो' ओलेवा को 2016 में हलेकला ऑब्जर्वेटरी में पैन-स्टार्स के साथ खोजा गया था। इसकी विशेष बात यह है कि इसकी कक्षा समय के साथ बदलती रहती है। लेकिन इस बदलाव के बाद भी यह हमेशा पृथ्वी के समीप ही रहता है। इसकी सतह भी अलग है। सिलिकेट की मौजूदगी की वजह से यह चंद्रमा की तरह ही प्रकाश को परावर्तित (पीछे) करता है।

'कामो' ओलेवा अपोलो समूह में सबसे छोटा, सबसे करीब और सबसे स्थिर है। ये चंद्रमा का ही एक हिस्सा हो सकता है। शोध के मुख्य लेखक एरिजोना यूनिवर्सिटी में भौतिकी



विभाग से जोस डैनियल कास्त्रो-सिसनेरोस ने कहा कि कभी-कभी, सोलर सिस्टम में छोटे पिंड सूर्यकेंद्रित कक्षाओं में नहीं चलते, बल्कि ऑर्बिटल रेजोनेंस की वजह से वे किसी विशाल ग्रह की कक्षा साझा करते हैं।

**उल्कापिंड के प्रभाव से हुआ अलग**

शोध में कहा गया है कि इसकी पृथ्वी जैसी कक्षा और चंद्रमा के जैसे दिखने वाला यह हिस्सा चंद्रमा का ही हो सकता है। जो किसी उल्कापिंड प्रभाव से सतह से अलग हो गया होगा। इस विषय में अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने अलग-अलग तरह की खगोलीय घटनाओं का अनुकरण किया।

**चंद्रमा के क्रेटरों का अध्ययन**

इसके अलावा चंद्रमा की सतह पर मौजूद क्रेटरों का भी अध्ययन किया गया और उसकी तुलना भी कामो' ओलेवा से की गई। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इससे भविष्य में अभी यह पता लगाना होगा कि चंद्रमा पर बना कौन सा खास गड्ढा कामो ओलेवा का स्त्रोत हो सकता है।

## सोने की एक छोटी खदान में आग लगने से 27 लोगों की मौत, दक्षिणी पेरू में हुआ हादसा

**पेरू ।** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में एक खादान में आग लगने की घटना सामने आई है। इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई है। सीएनएन ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि दक्षिणी पेरू में सोने की एक छोटी सी खदान में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई। सीएनएन ने स्थानीय सरकार का हवाला देते हुए इसे दो दशकों से अधिक समय में देश की सबसे घातक खनन दुर्घटना बताया है।

एक बयान में स्थानीय सरकार ने कहा कि अरेक्विपा के दक्षिणी क्षेत्र में सुबह शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। स्थानीय अभियोजक गियोवन्नी माटोस ने स्थानीय टेलीविजन को बताया कि यानाक्विहुआ पुलिस थाने ने इसकी पुष्टि की है, 27 लोगों की मौत हुई है।सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पेरू के मंत्रिपरिषद ने अरेक्विपा में यानाक्विहुआ खदान के शाफ्ट में आग लगने के बाद मारे गए खनिकों के परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। पेरू के मंत्रिपरिषद ने स्पेनिश में ट्वीट किया, 'हम उन खनिकों के परिवारों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं, जो अरेक्विपा क्षेत्र में यानाक्विहुआ खदान की शाफ्ट में आग लगने की घटना में मारे गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पेरू के राष्ट्रपति ने ट्विटर पर एक बयान में कहा कि मंत्रालय शवों को बचाने और स्थानांतरित करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके अलावा, पेरू सरकार क्षेत्रीय सरकार और कोंडेसुयोस की नगर पालिका को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।पेरू की प्रेसीडेंसी ने ट्वीट किया, 'हम 27 खनिकों की मौत के लिए अरेक्विपा के रिश्तेदारों और लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।'

## टेक्सास में गोलीबारी में मारे गए पीड़ितों के सम्मान में आधा झुका रहेगा अमेरिकी झंडा, बाइडन ने दिया आदेश

**शंघाई।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक आदेश जारी किया है कि टेक्सास के एलन में गोलीबारी में मारे गए पीड़ितों के सम्मान में सभी सार्वजनिक भवनों पर अमेरिकी झंडा आधा झुका रहेगा। बाइडन कार्यालय ने इससे जुड़ी एक घोषणा जारी की बंदूकधारी हमलावर ने मॉल के बाहर लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं, जिसमे नौ लोगों की



मौत हो गई और सात अन्य जख्मी हो गए थे। यह घटना टेक्सास प्रांत के एलन में स्थित मॉल में हुई थी।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ घटना का वीडियो**

सोशल मीडिया पर टेक्सास गोलबारी की घटना का एक भयानक वीडियो जारी हुआ है, जिसमें हमलावर लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहा है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि हमलावर अपनी कार से उतरकर मॉल के बाहर दुकानदारों पर गोलियां चला रहा है। मॉल के बाहर काले कपड़े पहना हमलावर बंदूक लेकर कार से बाहर निकलता है और कार के दरवाजे के पीछे से दुकानों के बाहर लोगों पर गोली चलाना शुरू कर देता है। पास की ही पार्किंग में मौजूद एक कार सवार ने इस पूरे वाकये को कैद कर लिया। वीडियो में कई राउंड गोलियां चलने की आवाज आ रही है।

**अमेरिका में इस साल अब तक 195 से ज्यादा गोलीबारी की घटनाएं हुई**

हालांकि जो बाइडन ने गोलीबारी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कई नियम भी बनाए हैं साथ ही गन रखने को लेकर भी नियम बनाए हैं लेकिन फिर भी आए दिन बड़ी गोलीबारी की घटना सामने आती रहती हैं। गन वायलेंस आर्काइव के अनुसार, अमेरिका में इस साल अब तक 195 से ज्यादा गोलीबारी की घटनाएं हुई है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## नेतन्याहू ने अमेरिकी सांसदों को चेताया, अकेला ईरान 50 उत्तर कोरिया के बराबर

**मास्को।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी संसदीय प्रतिनिधिमंडल को सतर्क करते हुए कहा कि अकेला ईरान 50 उत्तर कोरिया के बराबर है।

नेतन्याहू ने एक सवाल के जवाब में कहा, ईरान मात्र वह पड़ोसी नहीं है, जो आपको परेशान करता है। वह तो इस्राइल को छोटा व अमेरिकी को बड़ा शैतान समझता है। इस्राइली पीएम ने ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता व संभावित खतरे से भी अमेरिका को आगाह किया। बाद में नेतन्याहू ने आईएसए विशेष अभियान मुख्यालय के दौरे के दौरान कहा कि आतंकी कहीं भी हों, इस्राइल उन्हें ढूंढ़ निकालेगा।

**हमारा डीएनए बहुत मजबूत, हमारी बुद्धि को कोई चुनौती नहीं: धनखड़**

किंग चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के लिए ब्रिटेन दौरे पर गए उपराष्ट्रपति जगदीप



धनखड़ स्वदेश लौट आए हैं। भारत रवाना होने से पहले लंदन में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर वैश्विक दृष्टिकोण से स्थिति को देखें तो हमारा डीएनए इतना मजबूत है कि हमारी बुद्धि को कोई चुनौती नहीं दे सकता है। हम जहां भी जाते हैं अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि भारत को उनकी उपलब्धियों व प्रतिभा पर गर्व है। छात्रों की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने देश के बारे में गलत विमर्श का विरोध करें।

**रूस का दावा...यूक्रेन ने क्रीमिया पर किए 10 से अधिक ड्रोन हमले**

रूस समर्थित एक अधिकारी ने दावा किया कि यूक्रेन ने रविवार सुबह क्रीमिया पर 10 से अधिक ड्रोन हमले किए। इनमें तीन हमले सेवस्तोपोल बंदरगाह पर किए गए, लेकिन वायु रक्षा प्रणाली ने इन्हें विफल कर दिया। सेवस्तोपोल के गवर्नर मिखाइल राजवोझायेव ने कहा, किसी चीज का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**भारत के साथ आर्थिक साझेदारी समझौते की पहली वर्षगांठ पर जश्न मनाएगा यूएई**

यूएई का वित्त मंत्रालय सोमवार को अबू धाबी राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में वार्षिक निवेश बैठक (एआईएम) के दौरान यूएई-भारत व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगा। सीईपीए बियॉन्ड ट्रेड नामक इस कार्यक्रम में पिछले 12 महीनों में दोनों देशों के बीच पिछले वाणिज्यिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर समझौते से मिले सकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला जाएगा।

## कैट ने वित्त मंत्री से पेय पदार्थों पर जीएसटी दर घटाने की मांग की

**नई दिल्ली।** कारोबारियों के प्रमुख संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पेय पदार्थों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर को घटाने की मांग की है। कैट ने पेय पदार्थों पर 28 फीसदी की दर घटाने की मांग करते हुए कहा कि उपकर लगने के बाद प्रभावी दर 40 फीसदी हो जाने से छोटे कारोबारियों की पूंजी फंस जाती है। कैट ने सोमवार को जारी एक बयान में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला से आग्रह किया कि पेय पदार्थों पर जीएसटी दर घटाने के बारे में विचार करना चाहिए। कारोबारी संगठन ने इसकी जगह चीनी आधारित कर (एसबीटी) व्यवस्था अपनाने का सुझाव दिया है, जिसमें उत्पादों में चीनी की मात्रा के आधार पर कर दरें तय की जाती हैं।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि पेय पदार्थों में चीनी बहुत कम या नदारद होती है। लिहाजा इस व्यवस्था को लागू करने से टैक्स का बोझ घट जाएगा, जिससे खुदरा विक्रेताओं के पास अधिक कार्यशील पूंजी रहेगी। साथ ही वे अपनी बिक्री बढ़ाकर आमदनी दोगुनी कर सकेंगे। इससे आम लोगों के भी घरेलू खर्च में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि कैट का यह प्रस्ताव 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण में की गई सिफारिशों के अनुरूप भी है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि भारत को खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर बढ़ना चाहिए। खंडेलवाल ने बताया कि इस मुद्दे पर कैट एक राष्ट्रीय अभियान शुरू करने जा रहा है, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स जैसे ट्रांसपोर्ट, किसान, लघु उद्यमी, हॉकर्स, महिला उद्यमी और नागरिकों को भी शामिल किया जाएगा। खंडेलवाल ने कहा की हमारा प्रस्ताव कम या बिना चीनी वाले पेय पदार्थों को प्रोत्साहन देकर उपभोक्ताओं के लिए प्रमुख स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कैट ने हंसा रिसर्च के साथ मिलकर एक श्वेत पत्र जारी किया है, जिसमें पेय पदार्थ क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करके 'खुदरा विक्रेताओं की दोगुनी आय' पर एक श्वेत पत्र भी प्रकाशित किया है।